● जयपुर, मंगलवार, 13 अगस्त 24 ● वर्ष 13 ● अंक 346 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2024...
पेज @4 हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कैबिनेट मंत्री रावत सक्रिय नजर आए...
पेज @8 कांग्रेस ने उप चुनाव के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया...

# शहर की सड़कों पर घूमे मुख्यमंत्री भजनलाल, गड्ढे देख जेडीए अधिकारियों पर जताई नाराजगी

## राजस्थान में बारिश का रौद्र रूप जारी, जयपुर समेत इन जिलों में स्कूल बंद रखने के आदेश

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को बारिश से उपजे हालात का जायजा लेने राजधानी जयपुर की सड़कों पर निकले। करीब 3 घंटे तक वे शहर की सड़कों पर रहे। उन्होंने अपना दौरा जवाहर सर्कल से शुरू किया। यहां बस शेल्टर के नीचे खड़े लोगों से उन्होंने बातचीत की। बदहाल बस शेल्टर को देख कर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद वे नंदपुरी अंडरपास पहुंचे। उन्होंने कहा कि आगे जलभराव न हो और किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित न हो, इसका ध्यान रखते हुए पुख्ता कार्य योजना बनाएं।
बी टू बायपास और महारानी फार्म क्षेत्र में द्रव्यवती नदी का भी सीएम ने सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नदी को साफ रखने का हर संभव प्रयास करें। इसे किसी भी हाल में दूषित न होने दें। अग्रवाल फार्म की क्षतिग्रस्त सड़कों को देखक- र मुख्यमंत्री नाराज हो गए और उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इनको तत्काल सही करें।
सांगानेर क्षेत्र स्थित कल्याणपुरी कॉलोनी में मुख्यमंत्री ने लोगों की बात सुनी। विधायक कालीचरण सराफ और गोपाल शर्मा, संभागीय आयुक्त आरूषि मलिक, कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, ग्रेटर नगर निगम की आयुक्त और जेडीए अधिकारी दौर में साथ रहे।
सीकर रोड पर जलभराव देखने के लिए भी मुख्यमंत्री पहुंचे। चौमूं पुलिया, रोड नंबर 9 और रोड नंबर



14 पर जलभराव देख मुख्यमंत्री ने जेडीए अधिकारियों को लताड़ लगाई। कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों के तुरंत सही करो। उन्होंने कहा कि जिन कार्मिकों की वजह से सड़के खराब हुई हैं, उन पर कार्रवाई की जाए।
पिछले करीब एक सप्ताह से राजस्थान के अलग अलग जिलों में कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर जारी है। कई जिले पानी से तरबतर हो गए हैं। निचले इलाकों में पानी भर गया है और करीब 20 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। बारिश के चलते जन जीवन काफी प्रभावित हुआ है। नदियों के छलकने और तालाबों की पाल टूटने की दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी है। करीब एक दर्जन जिलों के कई गांव जलमग्न हो चुके हैं। बारिश का दौर अभी तक जारी है। बारिश के चलते कई जिलों में हादसे भी हो चुके हैं। विभिन्न हादसों में करीब 30 लोगों की असामयिक मौत भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो दिन पहले आपदा प्रबंधन विभाग की बैठक बुलाई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करें और प्रभावित इलाकों में तत्काल प्रभाव से राहत कार्य प्रारम्भ करें। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जयपुर की संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक और जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित भी जल भराव से प्रभावित इलाकों के हालात जानने के लिए क्षेत्र में निकले। भरतपुर और नागौर सहित कई जिला कलेक्टरों ने भी जलमग्न इलाकों का दौरा करते हुए हालातों का जायजा लिया।
लगातार हो रही तेज बारिश के चलते सोमवार को जयपुर सहित छह जिलों में जिला कलेक्टर की ओर से छुट्टी का ऐलान किया गया था। 13 अगस्त को जयपुर, दौसा, करौली और गंगापुर सिटी के स्कूलों में छुट्टी रहेगी। स्कूली बच्चों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए सोमवार 12 अगस्त को बच्चों की छुट्टी रही। हालांकि स्कूल खुले और स्टाफ की ओर से ऑफिशियल कार्य किया गया। जयपुर में लगातार तेज बारिश हो रही है। ऐसे में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बच्चों के लिए मंगलवार 13 अगस्त को भी जयपुर जिले की सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी कर दिया है। मंगलवार को भी बच्चों के लिए स्कूल में छुट्टी रहेगी लेकिन स्कूल का ऑफिशियल कार्य जारी रहेगा। राज्य सरकार की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने क्षेत्र की स्कूलों में बारिश के हालातों को देखते हुए स्वविवेक से छुट्टी का फैसला लें।

न्यूज़ अपडेट

### कश्मीर में 'तिरंगा' रैली में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया

**श्रीनगर/एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में सोमवार को एक विशाल 'तिरंगा' रैली आयोजित की गई। इस रैली में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।
अनुमान के मुताबिक, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अगुआई में आयोजित इस रैली में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। रैली डल झील के किनारे बॉटनिकल गार्डन से शुरू हुई।
प्रतिभागियों ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) तक मार्च किया। रैली बॉटनिकल गार्डन में समाप्त होगी, जहां प्रतिभागी वापस गार्डन की ओर मार्च करेंगे। कैनवास हस्ताक्षर अभियान के बाद बॉटनिकल गार्डन में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत गाए जाएंगे और देश की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 'तिरंगा' रैली सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपने घर पर झंडा लगाने और भारत की स्वतंत्रता को चिह्नित करने के लिए इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। शनिवार को भी केंद्र शासित प्रदेश के कई जिलों में तिरंगा रैलियां निकाली गई थीं। 5 अगस्त 2019 को संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर देश के बाकी हिस्सों के साथ पूरी तरह से मिल गया।

### बाबाधाम से लौट रहे श्रद्धालुओं के समूह को कार ने रौंदा, 6 कांवड़ियों की दर्दनाक मौत

**बागडोगरा/एजेंसी।** देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ा कर लौट रहे 6 कांवड़ियों की सड×क हादसे में मौत हो गई। पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुआ। श्रावण माह के सोमवार को बाबाधाम से भगवान शिव पर जल चढ़ाकर कार सवार सिक्किम की ओर जा रहे थे। कांवड़िए बागडोगरा रिजर्व फॉरेस्ट स्थित जंगली बाबा मंदिर की ओर से जा रहे थे। सभी फांसीदेवा के दानागंज इलाके के रहने वाले थे।
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाबाधाम से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और नेशनल हाईवे 31 पर चल रहे 6 लोगों को रौंदती हुई पलट गई। कार के परखच्चे उड़ गए।

## विश्व हाथी दिवस सामूहिक प्रयासों की सराहना करने का एक अवसर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विश्व हाथी दिवस' पर देशवासियों को हाथियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।
इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विश्व हाथी दिवस हाथियों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की व्यापक श्रृंखला की सराहना करने का एक अवसर है।
प्रधानमंत्री ने साथ ही देश में बढ़ रही हाथियों की संख्या को चिन्हित करते हुए हाथियों के देश में रहने के लिए सुरक्षित माहौल पर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं कि हाथियों को एक अनुकूल आवास मिले जहां वे पनप सकें।
इसके अलावा उन्होंने हाथियों को देश के संस्कृति से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा, भारत में हमारे



लिए हाथी हमारी संस्कृति और इतिहास से भी जुड़ा हुआ है। और यह खुशी की बात है कि पिछले कुछ वर्षों में, उनकी संख्या बढ़ रही है। बता दें, भारत में दुनिया भर के 60 फीसदी से ज्यादा हाथी पाए जाते हैं। दुनिया में हाथियों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं, उनमें से अफ्रीका में दो और एशिया में एक है। भारत के सबसे बड़े स्थलीय स्तनपायी होने का तमगा एशियाई हाथी (एलीफस मैक्सिमम) को प्राप्त है। 'मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट और क्लाइमेट' चेंज के अनुसार भारत में दुनिया के 60त्न से ज़्यादा जंगली हाथी रहते हैं।
भारत में, एशियाई हाथी मुख्य रूप से दक्षिणी और उत्तरी-पूर्वी भारत, पूर्व-मध्य और उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इन विशालकाय जीवों को भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित किया गया है। हाथियों से जुड़ी प्राथमिक आवश्यकताओं से चिंतित, भारत सरकार ने 1991-92 में, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में 'प्रोजेक्ट एलीफेंट' की शुरुआत की थी।

### बीएसएफ ने इंटरनेशनल बॉर्डर के पास 7 बांग्लादेशियों को पकड़ा, दो भारतीय मददगार हिरासत में

**शिलांग/एजेंसी।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने मेघालय पुलिस की मदद से एक सुनियोजित अभियान चलाकर एक पुलिस चौकी पर दो भारतीय मददगारों के साथ सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि बांग्लादेश में चल रही हिंसा और अशांति को देखते हुए बीएसएफ ने मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी है।
बीएसएफ ने कहा कि भारतीय मददगारों के साथ पकड़े गए सभी अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए राज्य पुलिस को सौंप दिया गया है। इससे पहले बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाल ही में एक अभियान में दो तस्करों को पकड़ा था। बीएसएफ ने तस्करों से मवेशी और फेनीडिल की बोतलें जब्त की थीं। इसके साथ ही बीएसएफ ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 11 बांग्लादेशी नागरिकों को भी पकड़ा है। इसमें बंगाल और त्रिपुरा बॉर्डर से दो-दो और मेघालय-बांग्लादेश बॉर्डर से सात।

### किसी मंत्री का थाने में उच्चाधिकारियों से ऐसा व्यवहार क्या उचित है ?

# मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने शिप्रा पथ थाने में एसीपी संजय शर्मा को लगाई फटकार

**चमकता राजस्थान**

राजस्थान सरकार के सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो पुलिस अधिकारियों को फटकारते हुए नजर आ रहे हैं. यही नहीं मंत्री एक पुलिस अफसर को लताड़ भी रहे हैं. यह वीडियो जयपुर के शिप्रापथ पुलिस थाने का है, जहां भारतीय सेना के कमांडो के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार से गुस्साए मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सोमवार को थाने पहुंचे थे, यहां उन्होंने पुलिस के अफसरों को खूब खरी खोटी सुनाई.
वायरल वीडियो में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ एक पुलिस अधिकारी को फटकारते हुए कहते हैं, ₹बेसिक मैनर आपने नहीं सीखी या वर्दी का कोई अलग रॉब हो गया है. कोई धैर्य, कुछ है, कोई जनता की सेवा मन में है? या दादागीरी है.₹
दरअसल मामला सेना के एक कमांडो से जुड़ा हुआ है, जो जम्मू कश्मीर के बारामूला में तैनात है और छुट्टी पर





## एसआई समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

जयपुर आया हुआ है. बीते 11 अगस्त को अपने साथी कमांडो के एक केस के सिलसिले में जयपुर के शिप्रापथ पुलिस थाने गया था, लेकिन वहां पुलिसकर्मियों से नोकझोंक हुई तो उन्होंने कमांडो को बैरक में डालकर पिटाई कर दी. आरोप है कि पुलिसवालों ने कमांडो को न सिर्फ निर्वस्त्र कर डंडों से पीटा बल्कि जबरदस्ती 'पुलिस भारतीय सेना की बाप है' बुलवाया. उसको जलील करने का वीडियो भी बनाया. फिर यही वीडियो मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ तक पहुंच गया और वो सीधे पुलिस थाने ही पहुंच गए. जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियो को वीडियो दिखा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की.
इस पर एसीपी संजय शर्मा ने तर्क दिया कि कमांडो ने पुलिसकर्मियों को अपशब्द बोले, लेकिन बीच में बोलने पर नाराज मंत्री एसीपी पर ही भड़क गए और बेसिक प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए मैनर्स का पाठ पढ़ा दिया. यही नहीं चुप चाप सावधान खड़ा नहीं रहना तो बाहर तक जाने को बोल दिए.
मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि भारतीय सेना के जवान के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा निर्वस्त्र करके डंडों से खूब पिटाई की गई, जो बहुत दुःखद घटना है. यह घिनौनी मानसिकता दिखता है, ऐसे लोग समाज के लिए खतरा है इसलिए इन पुलिसवालों की जांच कर इलाज की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि एक भारतीय सैनिक को पांच पुलिस वाले मिलकर बु- री तरह पीट रहे हैं, जो देश की रक्षा करने वालों को वर्दी की धौंस दिखाना कायरता करता है. पूरे प्रकरण को लेकर मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने डीजीपी यू. आर. साहू से बात कर शिकायत की. इसके बाद देर रात तक जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने सब इंस्पेक्टर बन्नालाल सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया.
मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि किसी मंत्री या जनप्रतिनिधि का ऐसे मामलों को लेकर सरेआम उच्चाधिकारियों को फटकार लगाना कहाँ तक उचित है ?

# मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान 'निशान इजुद्दीन' से भी सम्मानित किया गया।

दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषत: पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था।

भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं। फिर भी मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास फिर भी जारी रहा। लेकिन इससे हो रहे नुकसान को लेकर मुइज्जू सरकार सतर्क हो गयी। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में भारत-मालदीव के बीच बढ़ रही दूरी का असर मालदीव के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक था।

# अंगदान बीमार या मरते को नयी मुस्कान देने का पुण्य



ललित गर्ग

विश्व अंगदान दिवस प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंगदान के महत्व को समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है ताकि अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को अंगदान से जुड़ी गलतफहमियों से अवगत कराया जा सके। इस दिवस का एकमात्र उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना और शिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके, जरूरतमंदों की जीवन मुस्कान लौटायी जा सके। गुर्दे, हृदय, अग्न्याशय, आंखें और फेफड़े जैसे अंग दान से पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों की जान बचाई जा सकती है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान् दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। अंग दान-दाता कोई भी हो सकता है, जिसका अंग किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये अंग से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। वर्ष 2024 की इस दिवस की थीम है 'आज किसी की मुस्कान का कारण बनें!'

'अंगदान दिवस' पूरे विश्व एवं भारत में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह अंगदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा प्रदान करती है। अंगदान ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी जीवित या मृत, दोनों तरह के व्यक्तियों से स्वस्थ अंगों और ऊतकों को लेकर किसी अन्य ज़रूरतमंद व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। प्रत्यारोपित होने वाले अंगों में दोनों गुर्दे (किडनी), यकृत (लीवर), हृदय, फेफड़े, आंत और अग्न्याशय शामिल होते हैं। जबकि ऊतकों के रूप में कॉर्निया, त्वचा, हृदय वाल्व कार्टिलेज, हड्डियों और




वेसेल्स का प्रत्यारोपण होता है। आँख, पाचक ग्रंथि, आँत, अस्थि ऊतक, हृदय छिद्र, नसें आदि अंगों का भी दान किया जा सकता है। पूरे देश में ज्यादातर अंग दान अपने परिजनों के बीच में ही होता है अर्थात कोई व्यक्ति सिर्फ अपने रिश्तेदारों को ही अंग दान करता है। विश्व स्तर पर और भारत जैसे विकासशील देशों में अंग की बढ़ती आवश्यकता को रोकने में मृत दाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि एक मृत दाता आठ व्यक्तियों को बचा सकता है।

2021 में, वैश्विक स्तर पर 1,44,302 अंग प्रत्यारोपण हुए, जिनमें से 26.44 प्रतिशत (38,156) मृतक अंग दान के हैं। भारत ने कुल 12,259 प्रत्यारोपण किए, जो वैश्विक प्रत्यारोपण में 8 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें प्रमुख प्रत्यारोपण गुर्दे (74.27 प्रतिशत), उसके बाद लीवर (23.22 प्रतिशत), हृदय (1.23 प्रतिशत), फेफड़े (1.08 प्रतिशत), अग्न्याशय (0.15 प्रतिशत) और छोटी आंत (0.03 प्रतिशत) के हैं। एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, 2021 की तुलना में, भारत में क्रमशः किडनी (759), लिवर (279) और हृदय (99) में 1137 अधिक मृत अंग प्रत्यारोपण की सूचना मिली है। हालांकि, भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, मांग को पूरा करने के लिए लगभग 175,000 किडनी, 50,000 लिवर, हृदय और फेफड़े और 2,500 अग्न्याशय की आवश्यकता है। प्रत्यारोपण की संख्या और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच एक बड़ा अंतराल है। अंगदान जीवन के लिये अमूल्य उपहार है। अंगदान उन व्यक्तियों को किया जाता है, जिनकी बीमारियाँ अंतिम अवस्था में होती हैं तथा जिन्हें अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। जीवित व्यक्ति के लिये अंगदान के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही अधिकांश अंगों के प्रत्यारोपण का निर्णायक कारक व्यक्ति की शारीरिक स्थिति होती है, उसकी आयु नहीं। जीवित अंगदाता द्वारा एक किडनी, अग्न्याशय, और यकृत के कुछ हिस्से दान किये जा सकते हैं। कॉर्निया, हृदय वाल्व, हड्डी और त्वचा जैसे ऊतकों को प्राकृतिक मृत्यु के पश्चात दान किया जा सकता है, परंतु हृदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े और अग्न्याशय जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण अंगों को केवल ब्रेन डेड के मामले में ही दान किया जा सकता है।

अंगदान और प्रत्यारोपण 'मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम (टीएचओए) 1994 के अंतर्गत आता है, जो फरवरी 1995 से लागू हुआ। इस अधिनियम के अनुसार अंगदान सिर्फ उसी अस्पताल में ही किया जा सकता है, जहां उसे ट्रांसप्लांट करने की भी सुविधा हो। यह अपने आप में बेहद मुश्किल नियम था। इस नियम से दूर-दराज के इलाकों के लोगों का अंगदान तो हो ही नहीं पाता था। इस समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा 2011 में इस अधिनियम को संशोधित किया गया। नए नियम के मुताबिक अंगदान अब किसी भी आईसीयू में किया जा सकता है अर्थात उस अस्पताल में ट्रांसप्लांट न भी होता हो, लेकिन आईसीयू है, तो वहां भी अंगदान किया जा सकता है। केवल भारत में ही नहीं दुनिया में हर साल लाखों लोगों के शरीर के अंग खराब होने के कारण मृत्यु हो जाती है।

दुनियाभर में रक्तदान के प्रति जागरूकता की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों ने इसका महत्व समझा और आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करने लगे हैं, उसी प्रकार अंगदान के प्रति वैश्विक जागरूकता की महत्ती आवश्यकता है। रक्तदान के बाद दूसरे स्थान पर है नेत्रदान। लोग अब नेत्रदान के लिए भी आगे आने लगे हैं। तथ्य बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर अंगदान में भारत की हिस्सेदारी बहुत ही कम है। यहाँ प्रति 10 लाख पर मात्र 0.15 लोगों द्वारा ही अंगदान किया जाता है। जब की प्रति 10 लाख पर अमेरिका में 27, क्रोएशिया में 35 एवं स्पेन में 36 लोग अंगदान करते हैं। अंगदान का पूरा रिकार्ड संधारित किया जाता है जिसकी जानकारी ''नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन'' को दी जाती है। 65 वर्ष उम्र तक के वे व्यक्ति जिनका ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया हैं वे अंगदान कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति का 4 घंटे तक दिल एवं फेफड़े, 6 से 12 घंटे तक किडनी, 6 घंटे तक लिवर, 24 घंटे तक पेनक्रियाज एवं 5 साल तक टिश्यू को सुरक्षित रख जा सकता है। प्राकृतिक मौत पर दिल के वाल्व, कॉर्निया, त्वचा एवं हड्डी जैसे ऊतकों का दान किया जा सकता है।

भारत के आम नागरिकों में अंगदान को लेकर उचित शिक्षा और जागरूकता का अभाव है। अधिकांश लोग मृत्यु के बाद जीवन एवं पारलौकिक विश्वासों में जीता है। अतः शरीर के अंगों में काट-छाँट उन्हें प्रकृति व धर्म के विपरीत लगता है। इसके अलावा समाज में व्याप्त अंधविश्वास, अंगदान के प्रति लोगों में स्पष्ट अवधारणा का अभाव में भय एवं मिथक, दूर दराज क्षेत्रों में सुविधाओं का अभाव, मानसिक तौर पर मृत व्यक्ति के परिजनों की सहमति नहीं मिल पाना, अस्पताल में अंग लेने के साधनों का अभाव और सबसे ऊपर जागरूकता का अभाव ऐसी चुनौतियां है जिन पर गहन चिंतन-मनन करते हुए अंगदान को व्यापक बनाया जा सकता हैं। लोगों को खासकर ब्रेन डेड मरीज के परिजनों को समझना होगा कि अंगदान सबसे बड़ा दान एवं पुण्य का काम है। अंगदान कर आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा कर उसके जीवन में मुस्कान लाकर, पुण्य कमाने में पहल कर समाज में उदाहरण बन सकते हैं।

# रामदास अठावले : राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक, सर्वांगीण नेतृत्व

सुधांशु जोशी

संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ने संविधान लिखकर देश को नई दिशा और राह दिखाई। उस महान व्यक्ति को तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व ने केंद्र में मंत्री का पद तक नहीं मिलने दिया। इसके विपरीत आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में अपनी सुविधा के अनुसार परिवर्तन कर उसका प्रयोग किया। आजादी के बाद के दौर में गवई, प्रकाश आम्बेडकर की तरह आम्बेडकर की विचारधारा के नौ प्रमुख नेता चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। हालांकि, उन्हें कभी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले को लगातार तीसरी बार जगह मिली है। अठावले एकमात्र ऐसे नेता हैं जो अपने विचारों और व्यापक नेतृत्व को महाराष्ट्र के साथ-साथ देश के कोने-कोने तक फैला रहे हैं। इसके जरिए देश ही नहीं विदेश में भी सवर्ण-दलित एकता कायम की जा रही है। इसके जरिए रामदास अठावले को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वसमावेशी शिव शक्ति-भीम शक्ति का झंडा लेकर चलने वाले अग्रणी नेता के तौर पर देखा जा रहा है।

## समस्त बहुजन समाज मोदी का ऋणी

कांग्रेस शासनकाल में देश को भारी नुकसान उठाना पडा। कांग्रेस ने कई वर्षों तक बहुजन समाज का शोषण किया। कांग्रेस ने हमेशा बहुजन समाज का इस्तेमाल सिर्फ अपने लाभ के लिए किया। लेकिन उन्हें कभी सही मायने में आगे नहीं आने दिया गया, उन्हें कभी राजनीति में आगे नहीं बढ़ने दिया गया। कांग्रेस ने कई बार बाबा साहेब का अपमान किया। इसी तरह रामदास अठावले को शिरडी सीट से हटाने के लिए भी पर्दे के पीछे से कई साजिशें रची गई। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस का अहंकार खत्म कर रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। राजनीति में विश्वसनीयता और उपयोगिता दो कसौटी हैं। इन दोनों टेस्ट में रामदास अठावले की कसानी की परीक्षा हुई। इसलिए रामदास अठावले जैसे बहुजन, गणतांत्रिक विचार के नेता को तीसरी बार मंत्रिमंडल में जगह देकर उनका विधिवत सम्मान किया गया है। अठावले ने हमेशा अपने मंत्री पद का उपयोग समाज के लिए किया। साथ ही अपने पास आने वाले सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करने का प्रयास किया।

## विरोधियों के झूठ को बेनकाब करने में बड़ी भागीदारी

हालिया लोकसभा चुनाव में देश में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच मुकाबला था। वहीं महाराष्ट्र में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला था। इस राजनीति में बड़े पैमाने पर दलबदल हुआ। सुबह एक नेता के दूसरी पार्टी में होने और शाम को दूसरी पार्टी में होने की चर्चा होती रही। ऐसे समय में कांग्रेस और इंडी की सहयोगी पार्टियों की ओर से भाजपा और मोदी जी के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया। इसमें कांग्रेस द्वारा भाजपा और मोदी के खिलाफ गलत बातें फैलाई जा रही थीं, जिसमें कहा गया था कि अगर भाजपा और मोदी दोबारा सत्ता में वापस आए तो वे संविधान बदल देंगे, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। लेकिन, ऐसे हालात में भी रामदास अठावले एनडीए, मोदी के साथ बने रहे और देश भर में हुई बैठकों में विपक्ष द्वारा फैलाया भ्रम दूर करने में अहम भूमिका निभाई।

## आंबेडकर के विचारों को पूर्वोत्तर, दक्षिण भारत तक फैलाया

आजादी के बाद के दौर में प्रस्थापित पार्टियां देश के कोने-कोने तक नहीं पहुंच सकीं, वहीं रामदास अठावले के नेतृत्व वाली रिपब्लिकन पार्टी की शाखाएं सिक्किम, दीव-दमन, अंडमान-निकोबार, पांडिचेरी आदि स्थानों में हैं। पिछले 70 वर्षों में आम्बेडकर के विचारों का एक भी नेता पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भीम शक्ति के विचारों को नहीं पहुंचा सका। नागालैंड जैसे सुदूर राज्य में रिपब्लिकन पार्टी के दो विधायक अपने दम पर चुने गए हैं। स्थानीय भाषा न जानने के बावजूद अठावले ने भीम शक्ति के विचारों को मन में जगाया और अब नागालैंड, मणिपुर आदि राज्यों में कई लोग नीला झंडा लेकर घूम रहे हैं। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में इसकी सफलता के कारण ही आरआईपी को चुनाव आयोग द्वारा क्षेत्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी गई है। यह इस बात का संकेत है कि रामदास अठावले के नेतृत्व का प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है।

## अन्य नेताओं के बीच व्यापक नेतृत्व का अभाव

बाबा साहेब आम्बेडकर के बेटे यशवंत उर्फ भैया साहेब आम्बेडकर को राजनीति में ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई। भारिप नेता प्रकाश आम्बेडकर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गए। इसमें विफल होने और इससे हुई बदनामी के चलते उन्होंने वंचित बहुजन अघाड़ी के जरिये बहुजन राजनीति करना शुरू कर दिया। इसी तरह से मायावती का नेतृत्व आया लेकिन वह लंबे अंतराल तक नहीं चल पाया। राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके बेटे ने राजनीतिक विरासत सम्भाली। लेकिन, चिराग पासवान की राजनीति अलग है। तो प्रकाश आम्बेडकर, मायावती, पासवान भी राष्ट्रीय मंच पर सीमित दायरा लांघ कर राष्ट्रीय नेता नहीं बन पाये। इन नेताओं की तुलना में रामदास अठावले एक व्यापक नेता बनकर बहुजन समाज को आगे ले जा रहे हैं।

## बाबा साहेब के स्मारक के लिए कांग्रेस ने धोखा दिया

कई वर्षों से सभी आम्बेडकर प्रेमी मांग कर रहे हैं कि बाबा साहेब का एक भव्य स्मारक बनाया जाए। इसके लिए लाखों आम्बेडकर प्रेमी मुंबई (महाराष्ट्र) चैत्यभूमि के पास दर्शन करने आते हैं। एक प्रस्ताव सामने आया कि यह स्मारक इंदु मिल क्षेत्र में उसी स्थान पर बनाया जाए। इसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी प्रयास किए गए। लेकिन, कांग्रेस की अगुवाई वाली केंद्र और राज्य सरकारों ने कभी भी इस स्मारक के लिए आवश्यक पहल नहीं की। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने आम्बेडकर के अनुयायियों को धोखा दिया। लेकिन केंद्र में मोदी जी के सत्ता में आने के बाद उन्होंने इंदु मिल की 12.5 एकड़ जमीन स्मारक के लिए दे दी और अब उस जगह पर स्मारक का काम चल रहा है। इस तरह रामदास अठावले राजनीति से परे दोस्ती को कायम रखने का काम कर रहे हैं। नतीजतन आज दिल्ली में उनके आसपास सभी जाति और धर्म के लोग जुटते हैं। आठवले की छवि अजातशत्रु नेता की बना रही हैं। अपने इसी स्वभाव के कारण उन्हें न केवल महाराष्ट्र में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसे राष्ट्रीय नेता के रूप में जाना जाता है जो जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर सबको अपनापन महसूस कराने वाले नेता के तौर पर पहचान बना चुके है।

# दरिंदगी हैवानियत की पराकाष्ठा है महिला डॉक्टर की हत्या!



मनोज कुमार अग्रवाल

कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी क्रूरता पाशविकता की जो खूनी वारदात सामने आयी है, उसने एक बार फिर से पूरे देश को झकझोर कर रख दिया हैऔर बता दिया है कि हम कितने कड़े कानून बनाने और महिला सुरक्षा के दावे पेश करे लेकिन सब ढोंग है बेमानी है महिला चाहे खेत खलिहान में हो चाहे सरकारी अस्पताल में वह सब जगह असुरक्षित है खूनी और काम पिपासु इंसान की खाल में छिपे कजानवर हर जगह मौजूद हैं और मौका मिलते ही अपनी हवस का शिकार बना देते हैं और इस के लिए हत्या तक कर देते हैं। डाक्टर बनने के लिए एक छात्र छात्रा को अपने किशोर से युवावस्था के करीब दस साल खर्च करने होते हैं इस दौरान उसे नीट परीक्षा पास करने से लेकर एमबीबीएस की साढ़े पांच साल की कठिन व विस्तृत पढ़ाई कर परीक्षा पास करना होता है बहुत सारे अभ्यर्थी उच्च अंक के बावजूद सरकारी कालिजो में कम सीट होने के कारण एडमिशन से वंचित रह जाते हैं सामर्थ्यवान परिवार साठ लाख से डेड़ करोड़ रुपये खर्च कर अपने बच्चों को डाक्टरी की शिक्षा दिलाते हैं।

इस सब से आप समझ सकते हैं कि एक डाक्टर कितना मेहनत और जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष खपा कर फील्ड में उतरता है। बेशक कुछ प्राइवेट अस्पतालों की पैसा कमाने की अनाप शनाप तौर तरीकों के कारण डाक्टरों के पवित्र पेशे पर कुछ लोगों का भरोसा डिगा है लेकिन हकीकत में डाक्टर अस्वस्थ लोगों को स्वास्थ्य देने के लिए अपने जीवन को समर्पण करता है। उसके जीवन का तमाम कार्य समय लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए ही होता है। इसीलिए आज भी डाक्टर को धरती का भगवान कहा जाता है लेकिन यदि ऐसे ही किसी युवा तीस साल की युवा डाक्टर को एक सरकारी हास्पिटल के सेमीनार हाल में दरिंदगी के बाद बर्बरता से कत्ल कर दिया जाए तो यह न सिर्फ मानवता के साथ क्रूरतम अपराध है वरन समूची व्यवस्था और कानून के शासन पर भी तमाचा है आखिर आजादी के पिछततर साल बाद भी हम देश में कैसी व्यवस्था और सुरक्षा दे रहे हैं जिसमें एक सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला डाक्टर तक सुरक्षित नहीं है। महिला सुरक्षा के सारे नारे बेमानी हो जाते हैं।

निसंदेह कोलकाता की इस अमानवीय वारदात से पूरा देश मर्माहत और दुःखी है। यही कारण है कि न सिर्फ बंगाल, बल्कि पूरे देश में एक बार फिर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। एक विकृत मानसिकता वाले अपराधी ने जिस प्रकार से मेडिकल कॉलेज के भीतर निर्मम और वीभत्स तरीके से महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या को अंजाम दिया है, उससे यह बात साफ हो जाती है कि महिलाएं न तो घर में सुरक्षित हैं और न ही बाहर। एक विकृत मानसिकता का व्यक्ति कब किसी बेटी या महिला को अपना शिकार बनाए, कहा नहीं जा सकता है। इससे यह भी बात साफ हो जाती है कि पढ़ाई- लिखाई का स्तर ऊंचा




उठने, खानपान, फैशन, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिकता बोध पैदा होने के बावजूद महिलाओं को लेकर समाज में कुछ विकृत मानसिकता वाले व्यक्तियों की सोच में कोई परिवर्तन नहीं आया है और आज भी ये महिलाओं को सिर्फ गलत नजरिए से ही देखते हैं। इसी का नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध कम होने के बजाए और बढ़ते जा रहे हैं। आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का एक प्रसिद्ध मेडिकल कॉलेज हैं और इस कॉलेज के सेमिनार हॉल में शुक्रवार को पोस्ट- ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव मिला था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि उसकी रेप के बाद हत्या की गई है। मगर पोस्टमार्टम की जो रिपोर्ट आयी है, वह भी काफी दिल दहलाने वाली हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उसकी दोनों आंखों और मुंह से खून बह रहा था, चेहरे और नाखून पर चोट के निशान थे। पीड़िता के शरीर से भी खून बह रहा था और उसके पेट, बाएं पैर, गर्दन, दाएं हाथ, अनामिका और होंठों पर भी चोट के निशान थे। साफ है कि आरोपी ने डॉक्टर महिला के साथ हैवानियत की सारे हदें पार कर दी है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। जूनियर डॉक्टर गुरुवार को अस्पताल में रात की ड्यूटी कर रही थीं। रात 12 बजे के बाद दोस्तों के साथ डिनर भी किया था। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। हालांकि इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बलात्कार और हत्या के आरोप में गिरफ्तार संजय रॉय नाम के विरुद्ध पुलिस को काफी ठोस सबूत मिले हैं। पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की गतिविधियां काफी संदिग्ध हैं और ऐसा लगता है कि वह सीधे तौर पर अपराध में शामिल है। हालांकि आरोपी के गिरफ्तार होने के बावजूद राज्य में जूनियर डॉक्टरों के साथ नर्सों और अन्य छात्र संगठनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

पश्चिमी बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हत्याकांड के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है, इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि जरूरत पड़ने पर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की जायेगी। उन्होंने महिला जूनियर डॉक्टर हत्याकांड को ममता बनर्जी ने दुर्भाग्यपूर्ण और घृणित बताई है।

बहुत जरूरी है कि इस वारदात की गहन जांच हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो मिसाल बने। 2022 राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है, यहां 2022 में एक दिन में 3 रेप केस दर्ज किए गए। देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 एफआईआर दर्ज हुई। 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था। वहीं 2022 में 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए बानी हर दिन 78 हत्याएं हुई। आंकड़ों से साफ है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध कम होने के बजाए लगातार बढ़ रहे हैं। हालत यह है कि बीते कुछ सालों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की प्रकृति में ज्यादा क्रूरता और दरिंदगी बढ़ गई है, जैसा की कोलकाता में सामने आया है। ऐसे अपराध के पीछे कुल लोगों की विकृत सोच हैं और जब तब सोच में परिवर्तन नहीं आयेगा, ऐसे अपराधों को सिर्फ कानून के दम पर रोकना संभव नहीं है।

महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने का यदि कड़े कानून उपाय होता तो निर्भया कांड के बाद कड़ी सजा का संशोधन करने के बाद इन वारदातों पर नियंत्रण मिल जाता लेकिन ऐसा नहीं हो सका जाहिर है कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव पैदा करना होगा बहन और बेटी की भावना कायम करने की जरूरत है। इस के साथ ही महिलाओं के साथ अपराध पर जीरो टालरेंस नीति अपनानी होगी तभी महिलाओं के खिलाफ होने वाली यौन हिंसा को नियंत्रित किया जा सकता है। महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव महिलाओं को सम्मान देना चाहिए ताकि कोई अन्य बेटी बहन इस पाशविकता का शिकार न बने।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2024 में सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने की शिरकत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि भारत विश्व गुरू की ओर अग्रसर : हमीद खान मेवाती

चमकता राजस्थान

जयपुर, 12 अगस्त 2024। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से अल्पसंख्यक समुदाय के स्टार्टअप योजना से जुड़े हुए युवा उद्यमियों को आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के विख्यात 7 युवा स्टार्टअप उद्यमियों हुसैन खान, जावेद कागजी, एडवोकेट मुराद अली शेख, मोहम्मद कैफ, अयूब खान, रोहील खान, उस्मान खान चौहान को डॉ. कलाम स्टार्टअप राष्ट्र स्तरीय यूथ अवार्ड 2024 से नवाजा गया। इस दौरान युवा उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र भेंट कर एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया।

मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद दामोदर अग्रवाल तथा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने युवा उद्यमियों को सम्मानित किया। इस दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास के वादे को धरातल पर यथार्थ रूप में जीवित करता है। वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि स्टार्टअप युथ अवार्ड 2024 की प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के युवा उद्यमियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाना निश्चित रूप से एक सकारात्मक पहल साबित होगी।



कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि आज भारत विश्व गुरू की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी ने कलाम साहब जैसी शख्सियत पर इस तरीके के कार्यक्रमों को बढावा देकर निश्चित तौर पर देश और प्रदेश के युवाओं को एक नई दिशा प्रदान करने का काम किया है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि कलाम साहब के पद चिन्हों पर चलकर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं मोर्चे के पूर्व अध्यक्ष एम सादिक खान ने कहा कि मोर्चा की ओर से युवा उद्यमियों को सम्मान करने की नई पहल स्वागत योग्य है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जोसेफ जॉन हूंकिन्स ने सभी चयनित युवा उद्यमियों को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान सत्कार किया। इस दौरान मंच का संचालन प्रदेश मंत्री मुराद अली शेख ने किया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी, प्रदेश आईटी संयोजक इरशाद हसनपुरा, प्रदेश कार्यालय मंत्री उस्मान खान, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जैकी भाई, फरमान कुरेशी, जयपुर शहर अध्यक्ष अजीज हाथी वाला, जयपुर उत्तर अध्यक्ष सत्तार खान, जोधपुर देहात (दक्षिण) अध्यक्ष अयूब खान, पूर्व जिला अध्यक्ष जयपुर शहर जफर मिर्जा, जिला महामंत्री परवेज खान,माजीद पठान समेत अल्पसंख्यक मोर्चे के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कैबिनेट मंत्री रावत सक्रिय नजर आए

**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** अजमेर -पुष्कर हर घर तिरंगा अभियान के तहत 'कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आज दिनांक 12 अगस्त 2024 को जोलिवुड रिज़ॉर्ट, पुष्कर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में मंत्री रावत ने 11 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया और अभियान की सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभियान की सफलता के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयास से यह अभियान सफल होगा और राष्ट्रीय पहचान और एकता को सशक्त करेगा।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक नई पहल की घोषणा की है, जो भारतीय की एकता और अखंडता का प्रतीक बनेगी। यह अभियान हर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करेगा, ताकि हमारे देश की एकता और अखंडता का संदेश हर घर तक पहुंचे।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने कहा, ''हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है, लेकिन हम सब एक ही ध्वज के नीचे एकजुट हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को इस महान ध्वज के प्रति सम्मान और गर्व का अनुभव कराना है। यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की याद में और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।''मंत्री रावत ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लें और अपने परिवार और समुदाय के सदस्यों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें। 'हर घर तिरंगा' अभियान भारतीय एकता और अखंडता की भावना को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उक्त बैठक मे चैयरमेन न.पा.पुष्कर कमल जी पाठक, जिला संयोजक भोलाराम जी गुर्जर, जीतमल जी जिला महामन्त्री, प्रधान प्रतिनिधी अर्जुन सिंह रावत, सिलोरा प्रधान रामचंद्र जी थाकन, खोड़ा गणेश मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह रावत,नरवर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र जी, रूपनगढ़ मंडल अध्यक्ष मूलचंद जी रायका, सराधना मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चंद जी नामा, बूढ़ा पुष्कर मंडल अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जी, जिला प्रचार प्रमुख नरेन्द्र सिंह जी चुण्डावत, जिला मंत्री महेन्द्र सिंह जी मझेवला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरवर कन्हैयालाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बूढा पुष्कर सम्पत सुवाल समस्त मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

### दहेज नही देने पर विवाहिता महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव बैलारा निवासी बवीता ने दहेज में दो लाख की नगदी सहित बाइक मांगने व दहेज नही देने पर मारपीट कर हत्या प्रयास करने का आरोप लगाते हुए अपने पति सहित ससुरालजनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार पीडित महिला की नवम्बर 2012 में करौली सूरौठ थाना क्षेत्र के गांव सोमली निवासी रोहिताश सिंह के साथ शादी हुई। शादी के बाद ही ससुरालजन दहेज में दो लाख की नगदी सहित बाइक की मांग करते हुए विवाहित महिला को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। जिसके चलते महिला करीब पांच साल अपने पीहर में रही। बाद में परिजनों की समझाइस पर पीडित महिला अपनी ससुराल में चली गई। जहां एक बार फिर 7 अगस्त को पति सहित ससुरालजनों ने दहेज की मांग करते हुए पीडित महिला से मारपीट करते हुए हत्या करने का प्रयास किया। जिसके चलते पीडित महिला ने अपने पति रोहिताश सिंह सहित ससुर मोहनसिंह व सास राधा देवी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

## डॉ. अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी- कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक ) की जिला ईकाई धौलपुर की ओर से द्वारा जिला कलेक्टर धौलपुर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण)।** जिले में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी - कर्मचारी संगठन(अजाक ) की जिला इकाई धौलपुर की ओर से जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सोपे ज्ञापन! सुप्रीम कोर्ट के 01/8/2024 के निर्णय रउ/रळ वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण एवं क्रिमीलेयर के निर्णय को निष्प्रभावी कराने के लिए वर्तमान में चल रही संसद सत्र में विधेयक को पारित कराने की मांग की गई है! सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से 20 वर्ष के पूर्व पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ द्वारा इ. वी. चिन्नैया वनाम आन्ध्रप्रदेश राज्य मामले में दिये गये फैसले को पलट दिया है जिसमें एस. सी.-एस. टी. वर्ग के भीतर किये जाने वाले उप वर्गीकरण को मान्यता देने से मना कर दिया था! और यह भी कहा गया था! कि इस वर्ग के भीतर उप वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है! क्योंकि SC-ST वर्ग के लोग समान सामाजिक , जातपात एवं शैक्षिक पिछड़ेपन में समान है!

कि ये वर्ग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341व 342 की अधिसूचना के जरिये अस्तित्व में आई है ये वर्ग एक मिश्रण है इस वर्ग के लोगों का वर्गीकरण का एक मात्र मूलभूत आधार सामाजिक- गैर बराबरी अर्थात छुआछूत व जातपात रहा है! 1/8/2024 के निर्णय से अनेकों प्रकार के मतभेद और विसंगतियां उत्पन्न होगीं न्यायालय के पास इस निर्णय के लिए कोई भी डाटाबेस आधार नहीं है, एसोसिएशन केन्द्र सरकार से मांग करती है कि तुरंत प्रभाव से संसद में विधेयक लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी कराये। इस अवसर पर डॉ. रतनसिंह, नौबत लाल कैन, पप्पू सोनी, मोतीलाल धौर्य, रामनाथ मेहरा, मुकेश रजोरा, दुर्गसिंह, चिरोजी लाल, जल सिंह, रामहेत, अजय विलोनिया, ब्रजेश व्यास,मांगी लाल आर्य, कैलाश ब्रहमी, अर्पित पारिक, ओम कंचन, भगवान दास, महेंद्रसिंह, राजकुमार सोनी, रघु मोर्य, आशीष, कप्तानसिंह, गौरव, नवीन, अजय माहौर, वीरम सिंह, माता प्रसाद, प्रमोद कुमार, बनवारी लाल आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे!

## कस्बे में विशाल कलश यात्रा का हुआ आयोजन

- पांच हजार एक सो इक्कावन महिलाओं ने उठाये कलश
- प्रशासन ने सुरक्षा में लगाया चार जिलो का पुलिस जाप्ता

चमकता राजस्थान /रमेश मोदी



**चौमहला /झालावाड़ ।** पवित्र ,पावन सावन मास के तीसरे सोमवार को नगर में बोल बम कांवड़ यात्रा संघ ,माँ दुर्गा वाहिनी सेना के संयुक्त तत्वाधान में नगर में पांच हजार ,एक सो इक्कावन महिलाओं के द्वारा विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया , इस अवसर पर व्यापार संघ उपाध्यक्ष व समाज सेवी , सामाजिक कार्यकर्ता काना राठौर की ओर से श्री राम हनुमान मंदिर रोड पर विशाल निशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया ,जिसका नगर की जनता व कलश यात्रा में शामिल भक्तजनों व महिलाओं ने भोजन कर प्रसादी का लाभ लिया , कलश यात्रा स्टेशन चौराहे से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से पूजा आरती के बाद शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई ,वापस महादेव मंदिर जाकर समापन किया गया ,इसके पश्चात दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया , कलश यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान झंडा चोक पर बोल बम कांवड़ यात्रा संघ के अध्यक्ष कालू राठौर व विशाल भंडारे के आयोजक काना राठौर का व्यापार संघ की ओर से ,अध्यक्ष मनोहर ओसवाल व गौतम जैन , ने साफा बांधकर माला पहनाकर स्वागत किया ,इसके अतिरिक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदस्यों व ग्राम पंचायत व पोरवाल समाज एव समाजसेवी बगदीराम गायरी परिवार सहित और कई सामाजिक संगठनों ने भी काना राठौर व कालू राठौर का साफा बांध कर स्वागत किया ।कलश यात्रा का मार्ग में कई जगह फूलों की वर्षा कर भक्तजनों का स्वागत सत्कार किया ,विशाल भंडारे में सभी व्यापार संघों ,धार्मिक संगठनों व नगर के समस्त नागरिको ने भोजन व्यवस्था में सहयोग किया ,सभी का भंडारे के आयोजक काना राठौर ने आभार व्यक्त किया ।इसके पश्चात बोल बम कांवड़ यात्रा संघ के नेतृत्व में पैदल कांवड़ यात्रियों का जत्था उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगा आज के कार्यक्रम में 10 फिट के हनुमान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे ,, ।इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला ,सुरक्षा व्यवस्था में कोटा ,बूंदी बांरा ,झालावाड़ चार जिलों से पुलिस जाप्ता मंगवाकर लगाया गया ,व दो दर्जन से अधिक महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई ,सारी व्यवस्था की देख रेख में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा ,थाना प्रभारी नंद किशोर वर्मा ने पूरी यात्रा के दौरान उपस्थित रहकर निगरानी की , जिसकी नागरिको ने काफी सराहना की ।

## साइबर क्राइम बचाव कार्यशाला का आयोजन




- क्राइम और ठगी से बचाव की दी जानकारी
- भरतपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने शुरु किया जागरूकता अभियान

चमकता राजस्थान

**भरतपुर,(राजवीर सिंह)।** भरतपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ और पुलिस विभाग की ओर से आइजी राहुल प्रकाश एवं एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार साइबर क्राइम ठगी एव क्राईम बचाव कार्यशाला का एएसपी नीतिराज सिंह शेखावत तथा साइबर क्राइम थाना के प्रोग्रामर विजय सोनी की उपस्थिति में आयोजन किया गया और व्यापारी सहित आमजन को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला वक्ताओं ने कहा कि साइबर क्राइम से देश एवं समाज कलंकित हो रहे है। साथ ही भारी सख्यां में लोग साइबर क्राइम की ठगी के शिकार हो रहे है। हमें ये क्राइम रोकना होगा और पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर साइबर क्राइम व ठगी से बचाव की जानकारी लेनी होगी। सभी लोग मिलकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करे। संस्था अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल द्वारा अथितियों और वक्ताओं का स्वागत सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । उसके बाद अति पुलिस अधीक्षक द्वारा सभागार में उपस्थित व्यक्तियों को वर्तमान में हो रहे साईबर अपराध जैसे बिजली का बिलध्केवाईसी अपडेट के बहानेए सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरैस्ट, सामाजिक योजनाओ के सरकार के द्वारा जारी सहायता राशि व परिचित बनकर पैसे भेजने आदि के बारे में व उसकी रोकथाम हेतु क्या प्रयास किये जाये तथा साईबर अपराध से हो रहे दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। साईबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहाँ पर दर्ज करवाई जा सकती है के बारे में भी जानकारी दी गई। वर्तमान में साईबर अपराधियो द्वारा नवीनतम तकनीक का प्रयोग करके किये जा रहे साईबर अपराधो से किस प्रकार बचा जा सकता है पर भी अपने विचार व्यक्त किये। साईबर अपराध होने पर तुरन्त हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें एवं फोन नहीं लगने पर साइबर पोर्टल पर शिकायत करें। साथ ही मोबाईल फोन कॉल, टेक्स्ट मैसेजए वॉट्सएप के माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा फॉड कम्यूनिकेशन करने की सिटीजन पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करवायी जा सकती है। साइबर अपराध पर जानकारी के बाद आये हुए सदस्यों द्वारा अपनी समस्याओं और अपने साथ घटित साइबर घटनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करके सभी सदस्यों की शंका को दूर करके उनको ऐसे अपराधों के लिए सजग बनाया । कार्यशाला मे मंडी अध्यक्ष सुरेश जैन , मनोज अग्रवाल ,दीनदयाल सिंहल, प्रीतेश गर्ग,कोषाध्यक्ष किशोर खंडेलवाल,प्रमोद गुप्ता पॉली,रविकान्त गुप्ता,ओमप्रकाश सिंहल, अमित सिंहल आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला के बाद सभी का धन्यवाद महामंत्री राहुल बंसल द्वारा किया गया।

## माहेश्वरी महासभा ने सीए अर्पित काबरा को समाज गौरव की उपाधि से नवाजा

चमकता राजस्थान


**रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** अजमेर -अखिल भारतीय महेश्वरी महासभा ने किशनगढ़ में शनिवार को आयोजित महेश विहार में समाज ने अर्पित काबरा को समाज गौरव की उपाधि से नवाजा। कार्यसमिति की बैठक में पूर्व अध्यक्ष रामपाल सोनी,वर्तमान महासभा अध्यक्ष संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, पूर्व महामंत्री राजकुमार भूतड़ा, रमेश चंद्र काबरा, राजकुमार काल्या ,गोपी किशन बंग, एवं समाज के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में महा सभा के मंच पर सीए अर्पित काबरा को समाज गौरव की उपाधि से नवाजा गया। महासभा ने बताया कि सीए अर्पित काबरा का वैश्विक स्तर पर अदित्य योगदान है ' सीए अर्पित काबरा ने बताया कि देश हित में समाज को एकजुट होकर समाज की सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के वर्कशॉप करके मोटिवेशन देकर युवाओं को आगे बढ़ाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। समाज उत्थान के लिए समाज बंधु और व्यापारिक क्षेत्र में जहां कहीं भी आगे बढ़ने का अवसर मिले तो समाज को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अध्यक्ष संदीप काबरा ने सीए अर्पित काबरा की प्रसंशा करते हुवे कहा की की समाज के हर यूवा अपने अपने क्षेत्र में इसी प्रकार अचीवमेंट हासिल करें। अर्पित काबरा को लंदन के संसद भवन में एक्सीलेंस अवार्ड मिला और उन्होंने वर्ल्ड आफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करवाया, जिससे समाज गौरव महसूस कर रहा ह। समाज के पदाधिकारी और अतिथियों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य कामना की। समाज के पदाधिकारियों ने अर्पित काबरा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।अर्पित काबरा ने इस अवार्ड का असली हकदार अपने दादा दादी स्व.दिलसुख राय काबरा ,श्रीमती गुलाब देवी काबरा, और अपने माता पिता श्री जगदीश काबरा और श्रीमती मंजू देवी काबरा को बताया इनके पिता श्री जगदीश काबरा भी मुंबई में जाने माने सीए है,इनके पिता मूलत अजमेर जिले के छोटे से गांव श्रीनगर के निवासी है, जो इन्होंने उपलब्धि हासिल की है। वह अजमेर जिले और गांव श्रीनगर के लिए भी गौरव की बात है, इनके चाचा श्री सुभाष चंद्र काबरा भी एक समाजसेवी है जो समाज सेवा और देश हित के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते है,सुभाष चंद काबरा ,रमेश चंद काबरा,विमल काबरा ,बिरदीचंद मंत्री, हरि शंकर जाजू और परिवार के सभी सदस्यों ने माला पहनाकर सीए अर्पित काबरा का स्वागत किया।



## संक्षिप्त खबरें

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कैबिनेट मंत्री रावत सक्रिय नजर आए

चमकता राजस्थान



**रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** अजमेर -पुष्कर हर घर तिरंगा अभियान के तहत 'कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आज दिनांक 12 अगस्त 2024 को जोलिवुड रिज़ॉर्ट, पुष्कर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में मंत्री रावत ने 11 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया और अभियान की सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभियान की सफलता के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयास से यह अभियान सफल होगा और राष्ट्रीय पहचान और एकता को सशक्त करेगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक नई पहल की घोषणा की है, जो भारतीय की एकता और अखंडता का प्रतीक बनेगी। यह अभियान हर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करेगा, ताकि हमारे देश की एकता और अखंडता का संदेश हर घर तक पहुंचे।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने कहा, ''हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है, लेकिन हम सब एक ही ध्वज के नीचे एकजुट हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को इस महान ध्वज के प्रति सम्मान और गर्व का अनुभव कराना है। यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की याद में और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।''

मंत्री रावत ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लें और अपने परिवार और समुदाय के सदस्यों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें। 'हर घर तिरंगा' अभियान भारतीय एकता और अखंडता की भावना को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उक्त बैठक मे चैयरमेन न.पा.पुष्कर कमल जी पाठक, जिला संयोजक भोलाराम जी गुर्जर, जीतमल जी जिला महामन्त्री, प्रधान प्रतिनिधी अर्जुन सिंह रावत, सिलोरा प्रधान रामचंद्र जी थाकन, खोड़ा गणेश मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह रावत,नरवर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र जी, रूपनगढ़ मंडल अध्यक्ष मूलचंद जी रायका, सराधना मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चंद जी नामा, बूढ़ा पुष्कर मंडल अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जी, जिला प्रचार प्रमुख नरेन्द्र सिंह जी चुण्डावत, जिला मंत्री महेन्द्र सिंह जी मझेवला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरवर कन्हैयालाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बूढा पुष्कर सम्पत सुवाल समस्त मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

### ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स और विपक्ष के विरोध के बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल का ड्राफ्ट केंद्र ने लिया वापस

**चमकता राजस्थान/नई दिल्ली।** ब्रॉडकास्टिंग बिल को लेकर चिंता और विरोध के बीच केंद्र ने इसका मसौदा वापस ले लिया। सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने कहा, हम ब्रॉडकास्टिंग सर्विस (रेगुलेशन) बिल के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं। इसका ड्राफ्ट रायशुमारी के लिए 10 नवंबर 2023 को सार्वजनिक किया गया था। कई सिफारिशें, टिप्पणियां और सुझाव मिले। अपडेट ड्राफ्ट को केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद के मानसून सत्र में पेश किया। इसके बाद से मीडिया संगठनों, कंटेट क्रिएटर्स और विपक्षी दलों की ओर से इसका विरोध किया जा रहा था। विपक्ष और मीडिया संगठनों का आरोप है कि इस बिल से ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स, स्वतंत्र पत्रकारों, यूट्यूबर, इंस्टाग्राम पर सक्रिय कंटेंट क्रिएटर्स पर शिकंजा कसने और विज्ञापन एजेंसियों को इसके दायरे में लाने की तैयारी थी।



वहीं, मंत्रालय ने कहा, नए ड्राफ्ट पर सुझाव और टिप्पणियों के लिए 15 अक्टूबर 2024 तक समय दिया जा रहा है। ज्यादा विचार-विमर्श के बाद नया ड्राफ्ट लाया जाएगा। इससे पहले विपक्ष ने आरोप लगाया था कि इस बिल को संसद में पेश करने से पहले चुनिंदा हितधारकों को दिया गया। वहीं, 90 से ज्यादा डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स के संगठन डिजी-पब न्यूज इंडिया फाउंडेशन और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने कहा था कि मंत्रालय ने चुनिंदा हितधारकों के साथ बंद कमरे में इस पर चर्चा की। हमें इसका ड्राफ्ट नहीं दिया गया।

इसलिए हो रहा था विरोध ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज बिल 2024 मौजूदा केबल टीवी नेटवर्क कानून 1995 की जगह लेता। इसमें कहा गया है कि जो सोशल मीडिया पर नियमित रूप से वीडियो अपलोड करते हैं या पॉडकास्ट बनाते हैं या ऑनलाइन करंट अफेयर्स के बारे में लिखते हैं, उन्हें डिजिटल न्यूज ब्रॉडकास्टर्स के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। ओटीटी प्रसारण सेवा की परिभाषा भी बदलने का प्रावधान था। इससे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम जैसे प्लेटफॉर्म ही नहीं,बल्कि नियमित रूप से सोशल मीडिया पर कंटेंट अपलोड करने वाले स्वतंत्र लोग भी ओटीटी प्रसारण सेवा के दायरे में आ जाते।

# जहानाबाद के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भगदड़, आठ की मौत

एजेंसी



**पटना।** बिहार में जहानाबाद जिले के वाणावर पहाड़ी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में लगभग मध्य रात्रि को मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष हैं। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। इनमें तीस की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह मंदिर मखदुमपुर प्रखंड में स्थित है।

पुलिस के मुताबिक, इस भगदड़ में सुशीला देवी, पूनम देवी, निशा कुमारी, निशा देवी, राजू कुमार और प्यारे पासवान की जान चली गई। पूनम गया जिले के मोर टेकरी, निशा कुमारी मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव, सुशीला जल बीघा नाडोल, निशा देवी नगर थाना क्षेत्र के एरकी गांव और प्यारे पासवान स्थानीय निवासी है। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि सावन का सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक थी। श्रद्धालु संकरे गंगा एवं गऊघाट मार्ग से बाबा सिद्धनाथ के दर्शन करने के लिए पहाड़ पर पहुंचे। अचानक मंदिर के पास अफरातफरी मची और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई महिलाएं और पुरुष गिर गए। जिन लोगों को गंभीर चोट आई है, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लोगों का आरोप है कि लाठीचार्ज की वजह से भगदड़ मची। नगर थाना प्रभारी दिवाकर विश्वकर्मा का कहना है कि कई स्त्रोत से जानकारी प्राप्त हुई है कि भीड़ नियंत्रण में कई तरह की खामी रही। वरीय अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। घटना दुखद है। जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बीपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे शिक्षक, अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज



एजेंसी

**पटना।** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) कार्यालय के बाहर सोमवार को टीआरई-3 में वन कैंडिडेट वन रिजल्ट की मांग को लेकर पटना की सड़कों पर उतरे शिक्षक अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया है। प्रदर्शनकारी शिक्षक अभ्यर्थियों को रोकने के लिए पुलिस ने जमकर लाठियां चटकाईं। पुलिस के समझाने के बाद जब वह नहीं मानें तो उन्हे भगाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। तीसरे चरण की शिक्षक बहाली में शिक्षक अभ्यर्थी वन कैंडिडेट वन रिजल्ट की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पहले और दूसरे चरण की शिक्षक बहाली में मल्टीपल रिजल्ट दिए गए थे, जिसकी वजह से हजारों पद खाली रह गए थे। शिक्षक अभ्यर्थियों का कहना है कि तीसरे चरण की शिक्षक बहाली में ऐसा नहीं होना चाहिए और इसीलिए अभ्यर्थी वन कैंडिडेट वन रिजल्ट की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि एक परीक्षार्थी का एक रिजल्ट जारी हो। हालांकि, बीपीएससी का कहना है कि वह एक कैंडिडेट का दो सीटों पर रिजल्ट देगा। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक दोनों का रिजल्ट जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्णय लेना है कि वह माध्यमिक में जाएंगे या उच्च माध्यमिक में जाएंगे।

## आरजी कर मामले में मुख्यमंत्री ने पुलिस के लिए समय सीमा तय कर दी

संवाददाता



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आर जी कर अस्पताल में एक युवा डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले को सुलझाने के लिए पुलिस के लिए समय सीमा तय की है। सोमवार को पानीहाटी में वह युवती के घर गए और उसके माता-पिता से बात की और फिर बाहर आकर पत्रकारों से मुखातिब हुए, उन्होंने कहा, मैं पुलिस को रविवार तक का समय दे रही हूं। अगर यह पता चला कि कुलकिनारा ऐसा नहीं कर सकता, तो हम इस मामले को अब अपने हाथ में नहीं रखेंगे। मैं इसे सीबीआई को दे दूंगी।

क्योंकि मेरा इससे कोई लेना देना नहीं है। मैं शुरू से ही यह कहता आ रही हूं। हालाँकि उनकी सफलता दर बहुत कम है। तापसी मलिक, रवीन्द्रनाथ की नोबेल चोरी, रिजवानुर्रहमान जैसे मामलों में कुछ नहीं कर सके। लेकिन लोगों की संतुष्टि के लिए हम मामला उन्हें सौंप देंगे।

ड्यूटी के दौरान युवा डॉक्टर की हत्या की खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि राज्य को सीबीआई जांच से कोई आपत्ति नहीं है। सोमवार को पुलिस आयुक्त के साथ मृतक के घर जाते समय उन्होंने यही बात कही। हालांकि, ममता बनर्जी केंद्रीय जांच एजेंसी के काम की गुणवत्ता की आलोचना करती रहीं। उन्होंने उस दिन की घटना के बारे में दावा किया, "हालांकि कोलकाता पुलिस दुनिया में सबसे अच्छी है। सबसे सक्षम अधिकारी से जांच करायी जा रही है। मुझे उम्मीद है कि अपराधी जल्द ही पकड़े जायेंगे। उस मामले में हमने फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की बात कही है। अगर दोषी पाया गया तो मैं उसकी मौत की मांग करुँगी।

यह कैसे हो गया? इसको लेकर हजारों तरह की चचाएँ चल रही हैं। ममता बनर्जी ने बताया कि वहां नर्सें और सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। फिर भी मुझे समझ नहीं अति कि ये कैसे हो गयी। मैं पुलिस से बात कर रही थी। उसके माता-पिता भी मुझे बता रहे थे कि इसमें कोई अंदर ही शामिल है। मैंने विनीत (पुलिस कमिश्नर) से कहा है कि जो भी अंदर है उसे ढूंढकर कड़ी सजा दी जाए। उस दिन जिस छात्र ने सबसे पहले परिवार को खबर दी, उसे बुलाकर पूछताछ की जानी चाहिए। इसके अलावा, इस युवा डॉक्टर के सहकर्मी, दोस्त, जो उस दिन ड्यूटी पर थे, उनसे पूछताछ की जानी चाहिए और त्वरित जांच की जानी चाहिए।

## उप मुख्यमंत्री ने किया देशभक्ति गीत 'हिंद की सेना' का लॉंच




चमकता राजस्थान

जयपुर, 12 अगस्त। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को देशभक्ति संगीत वीडियो 'हिंद की सेना' को लॉंच किया। उन्होंने कहा कि यह गीत भारतीय सेना के त्याग, साहस, बलिदान और वीरता को समर्पित है, जो अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले नायकों की कहानियों को उजागर करता है। इस तरह के गीत युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना पैदा कर सेना में शामिल होकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते है।उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गीत की निर्माता कृति प्रोडक्शंस की पूरी टीम को शुभकामनाये दी।

उल्लेखनीय है इस गीत को प्रसिद्ध पार्श्व गायक कृष्ण बेउरा ने अपनी आवाज़ दी है, जो ₹चक दे इंडिया₹ जैसे अपने प्रतिष्ठित गायन के लिए जाने जाते हैं। गीत की निर्माता कृति प्रोडक्शंस है। यह गीत कृति प्रोडक्शंस के आधिकारिक यू ट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। इस अवसर पर सीकर एआरटीओ डॉ वीरेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहें ।

## 35 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का रखा गया आधारशिला

एजेंसी



**अररिया ।** फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र योजना के तहत 34 लाख 92 हजार 334 रुपये की लागत से बनने वाले डायट भवन चौराहा से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का चेयरमैन वीणा देवी ने आधारशिला रखी।नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 व 20 में हाई स्कूल रोड में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डायट, लायंस नेत्रालय, कोसी कालोनी, सरस्वती विद्या मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य की मांग लंबे अर्से से की जा रही थी।पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य का मुख्य पार्षद वीणा देवी ने नारियल फोड़ एवं फीता काटकर विधिवत रूप से शिलान्यास किया।इस मौके पर मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में फारबिसगंज विधायक विद्यासागर उर्फ मंचन केसरी,उप मुख्य पार्षद नूतन भारती,वार्ड संख्या 19 की पार्षद तन्नू प्रिया, वार्ड संख्या 20 की पार्षद चांदनी सिंह, भाजपा नेता मनोज झा सहित अन्य मौजूद रहे। शिलान्यास समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए नप की मुख्य वीणा देवी व उप मुख्य पार्षद नूतन भारती ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 व 20 में पड़ने वाले इस सड़क के निर्माण को ले कर काफी दिनों से लोग मांग कर रहें थे। लोगो को आवागमन में काफी परेशानी ही रही थी। इधर उक्त सड़क का शिलान्यास होने व निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार इस काली ईंट बालू जर्जर सड़क के स्थान पर स्थानीय विधायक विद्यासागर उर्फ मंचन केसरी, नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद नूतन भारती, वार्ड पार्षद तन्नू प्रिया व चांदनी सिंह के प्रयास के बाद पीसीसी सड़क का निर्माण हो रहा है,जो इस क्षेत्र के लोगों के लिए काफी खुशी की बात है।

### बागडोगरा में अनियंत्रित वाहनों ने नियंत्रण खोकर तीर्थयात्रियों को कुचल दिया

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल के बागडोगरा में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने एक के बाद एक 6 श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में छह लोगों की जान चली गई। कई अन्य घायल हो गये। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसा बागडोगरा के पास मुनि चा बागान इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर हुआ है। उस रास्ते पर कुछ श्रद्धालु पैदल ही जंगली बाबा मंदिर जा रहे थे। उस सड़क पर अचानक एक लापरवाह कार अनियंत्रित होकर तीर्थयात्रियों को कुचलते हुए नयनजुली में पलट गयी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त कार में तीर्थयात्री सवार थे। वे बिहार के सुजापुर स्थित बाबाधाम से आ रहे थे। कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जाने वाला भक्तों को कुचल डाला।

## बर्दवान में विकलांग युवती से दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** अपने प्रेमी के साथ घूम रही एक दिव्यांग युवती पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया। प्रेमी को मारपीट कर युवती से दुष्कर्म का आरोप। पुलिस ने घटना में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें जेल हिरासत में रखा गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 7 अगस्त, बुधवार को पीड़िता बर्दवान नवद्वीप रोड पर एक जगह टहलने गई थी। वह आंशिक रूप से विकलांग है। इसी समय तीनों अपराधी आये और उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने यह कहकर दंपति से पैसे की मांग शुरू कर दी कि वे 'आपत्तिजनक' हालत में पाए गए थे। उन्होंने कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं, वे लड़की के साथ बलात्कार करने की कोशिश करते रहे। युवक बीच में बोलने की कोशिश करता है और असफल हो जाता है। उसे पीटा गया। आरोप है कि इस बार लड़की के साथ तीन बदमाशों ने रेप किया।

इस घटना के तीन दिन बाद घटना के सदमे से उबरने के बाद पीड़िता ने अपने माता-पिता के साथ बर्दवान महिला थाने में शिकायत दर्ज करायी। आरोपियों पर रेप और जबरन वसूली का आरोप लगाया गया। इसकी शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को शक्तिगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। वे जेल की हिरासत में हैं।

पीड़िता की बयान और मेडिकल परीक्षण हो चुका है। पूर्वी बर्दवान जिले के पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने कहा कि महिला थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। घटनास्थल के आसपास के तीनों थाने की पुलिस सक्रिय हो गए। उसी रात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**बिहार** › सावन की चौथी सोमवारी पर भूतनाथ गौशाला शिवमंदिर में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

# हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से गुंजायमान हो उठा शहर

एजेंसी




**किशनगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के एमजीएम रोड स्तिथ प्रसिद्ध भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में सावन की चौथी सोमवारी पर जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी है। सुबह से हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से सोमवार को शहर गुंजायमान हो उठा। सुबह से ही हर कदम शिवालयों एवं मंदिरों की ओर चल पड़े थे। भक्त हाथों में पूजन सामग्री, बेलपत्र, पुष्प, दूध आदि सामग्री लेकर शिव मंदिर की ओर चल पड़े थे। इस दौरान हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से शहर का माहौल सुबह से भक्तिमय हो उठा था। शहर के प्रसिद्ध धर्मशाला शिव मंदिर, भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर, ठाकुरगंज के हरगौरी मंदिर, मनोरंजन क्लब शिव मंदिर, डे मार्केट, पश्चिम पाली, उत्तरपाली, सुभाषपल्ली, लाइन, खगड़ा, तेघरिया, मोतीबाग, ढ़ेकसरा, टेउसा, मेडिकल कॉलेज रोड, महाकाल मंदिर रूईधासा आदि शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए जुटे हुए हैं। इस अवसर पर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा श्रद्धालुओं को नींबू पानी शरबत आदि की व्यवस्था की गई। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए बाबा भूतनाथ शिव मंदिर पहुंचे थे। सुबह से जलाभिषेक करने का सिलसिला शुरू हुआ है। इससे दिन भर माहौल भक्तिमय बना रहा। चौथी सोमवारी को हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने बाबा भूतनाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। गौर करे कि शहर से 17 किलोमीटर दूर ओद्रा घाट स्थित डोक नदी से जल भरकर पदयात्रा करते हुए और भगवान शिव का गुणगान करते हुए भक्त भूतनाथ शिव मंदिर पहुंच रहे थे और बाबा पर जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे थे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में लगाए गए मेला का भी भक्तों ने लुफ्त उठाया और खरीदारी की। इस दौरान भक्तों के लिए जगह जगह सामाजिक संस्थाओं एवं निजी सहयोग से लोगों ने सेवा शिविर लगाए हुए है, जहां आते जाते श्रद्धालुओं को नींबू पानी शरबत आदि की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा नींबू पानी शरबत का काउंटर लगाया गया है। मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद श्रद्धालु गर्मी से राहत लेने के लिए सरबत काउंटर पर पहुंचते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नींबू पानी शरबत का आनंद उठाया। शिवालय को फूल माला से भव्य तरीके से सजाया गया था। सावन के अवसर पर शहर के सभी शिव मंदिरों को फूल माला एवं आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है।

### चौथी सोमवारी को जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी भीड़

**अररिया ।** सावन माह की चौथी सोमवारी को जिले के शिवालयों और मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।सुबह से ही शिव भक्त शिवालय पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की।शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तो ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ भांग धतूरा और फूल के साथ पूजा अर्चना की।इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव, जय शिव शंकर,बाबा भोलेनाथ की जय की नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

## सामूहिक विवाह का इतिहास रचेगा तैलिक साहू समाज : पिंकी



एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिला तैलिक साहू सभा के ने नवादा के सेलिब्रेशन होटल के प्रांगण में सोमवार को तैलिक साहू वर वधु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवादा जिला तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार और मंच संचालन जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी एवम बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साव रहे। मुख्य अतिथि पिंकी कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम से साहू समाज को बेटा बेटी के शादी करने में लाभ मिलेगा। संजय साव ने कहा कि आज जो यह वर वधु परिचय कार्यक्रम हुआ यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है । जिला प्रभारी छोटन साव ने कहा की इस कार्यक्रम का जितना प्रांशसा किया जाय वह कम है , बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा की ओर से नवादा जिला तैलिक साहू सभा को हार्दिक धन्यवाद देता हूं । उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा की तेली जाति के हम लोग एकजुट रहेंगे तो आगे हमलोग सामाजिक क्षेत्र से लेकर राजनीति क्षेत्र में भी आगे जायेगें । जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ,महामंत्री अरविंद गुप्ता ने कहा की नवादा जिला तैलिक साहू सभा हमेशा समाज का उन्नति के लिए कार्य करता रहा है ।



# रक्षाबंधन के मौके पर स्टाइल करें शिफॉन साड़ी

साड़ी एवरग्रीन फैशन है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप रक्षाबंधन के मौके पर साड़ी वियर करना का सोच रही हैं तो आप शिफॉन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाली शिफॉन साड़ी दिखा रहे हैं जो रक्षाबंधन के मौके पर वियर की जा सकती हैं।

## शिफॉन सिल्क साड़ी

रक्षाबंधन के मौके पर इस तरह की शिफॉन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी में वीविंग वर्क किया है साथ ही ये दो शेड में है। वहीं इस तरह की साड़ी आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ रक्षाबंधन के मौके पर पहन सकती हैं इस साड़ी के साथ आप कुंदन या गोल्ड वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। यह साड़ी आप बजार से ले सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये साड़ी 2000 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

## ग्लिटर पर्ल वर्क शिफॉन साड़ी

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की शिफॉन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी शिफॉन फैब्रिक में है और इस साड़ी में ग्लिटर पर्ल वर्क किया हुआ है जो रक्षाबंधन के मौके पर वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। वहीं इस तरह की साड़ी के साथ ज्वेलरी में पर्ल या कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से साड़ी 1000 से 3000 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

## सीक्विन वर्क शिफॉन साड़ी

यह सीक्विन वर्क शिफॉन साड़ी भी रक्षाबंधन के मौके पर वियर की जा सकती है। यह साड़ी दो शेड में है जिसमें सेक्विन वर्क किया हुआ है जिसमें अप लुक रॉयल नजर आएगा। वहीं इस साड़ी के साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप मोजरी इस आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 3000 रुपये से कम कीमत में मिल जाएंगी।



# रक्षाबंधन पर घर को देना है नया लुक? ऐसे करें डेकोरेट

रक्षा बंधन के त्योहार पर अगर आप भी घर को एक नया लुक देकर मेहमानों को सरप्राइज करना चाहते हैं तो आप यहां से आइडिया ले सकते हैं।



रक्षाबंधन भाई बहनों का एक बेहद खूबसूरत त्योहार है। इस दिन मेहमानों का भी तांता लगा रहता है। ऐसे में जरूरी है कि आपका घर सुंदर लगे। देखने वाली आपके घर की तारीफ करें। अगर आप भी इस खुशी के मौके पर घर को सुंदर और आकर्षक बनाना चाहते हैं तो हम आपके लिए यहां कुछ बेहतरीन सजावट के आइडियाज लाए हैं जिससे आपके घर को चार चांद लग जाएगा

## रंगोली

त्योहार का मौका है और रंगोली ना बने ऐसा हो ही नहीं सकता है,इससे एक ट्रेडिशनल लुक आता है, अगर आप घर को पारंपरिक दिखाना चाहते हैं तो आप आपको रंगोली से घर सजाना चाहिए। आप रंगों के बजाए अलग अलग फूलों और पत्तों सें घर के मुख्य द्वार, सिटिंग हॉल और पूजा स्थल पर रंगोली बना सकते हैं, इससे घर खुशबू से तो महक उठेगा ही साथ ही खूबसूरत भी दिखेगा।

## चादर और कुशन कवर करें चेंज

अगर आप घर को सजावट के समान से सजना नहीं चाहते हैं तो आप अपने घर के पर्दे बदल सकते हैं नए और कलरफुल बेडशीट, कुशन कवर लगा सकते इससे घर का पूरा लुक बदल जाता है

## फोटो वॉल


रक्षाबंधन भाई बहनों का त्यौहार होता है। ऐसे में आप कुछ खास सजावट करना चाहते हैं तो फोटो वॉल तैयार कर सकते हैं, दीवारों पर भाई बहनों से जुड़ी तस्वीरें, कोट्स लगा सकते हैं। यह न सिर्फ आपके घर को सुंदर लुक देगा बल्कि रिश्तों में मिठास भी घोलेगा, आपके भाई या बहन को स्पेशल फील करवाएगा।


## ताजे फूलों की लरी से सजाएं दीवार

इसके अलावा आप घर के दीवारों और सीढ़ियों की रेलिंग और दरवाजों को फूलों से सजा सकते हैं। इसके लिए आप ताजे फूलों और फुदने की लड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे सजावट से घर का माहौल खुशनुमा हो जाएगा।

## लाइट से सजाएं

रंग बिरंगी लाइट की मदद से आप लिविंग रूम सजा सकते हैं। आजकल मार्केट में बहुत ही डिजाइनर लाइट्स और झालर बिकने लगे हैं, इन्हें आप बालकनी में भी लगा सकते हैं जिससे बाहर का लुक भी सुंदर बन जाएगा। इसके अलावा आप रक्षाबंधन वाले लाइट्स भी कस्टमाइज करवा कर सजा सकते हैं।





# शादी के बाद पहले रक्षाबंधन पर पहने लाल चूड़ियों के ये सूट

**शादी के बाद पहले रक्षाबंधन पर इन खूबसूरत लाल चूड़ियों के डिजाइंस से पाएं एक पारंपरिक और स्टाइलिश लुक। यहां देखें चुनिंदा और फैशनेबल लाल चूड़ियों के डिजाइंस, जो रक्षाबंधन पर आपकी खूबसूरती को और भी निखारेंगे।**

शादी के बाद पड़ने वाला हर छोटा-बड़ा त्योहार विशेष होता है। खासतौर पर जो त्योहार शादी के बाद पीहर में मनाए जाते हैं, उनका महत्व ही बढ़ जाता है। रक्षाबंधन का पर्व भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। शादी के बाद पहली बार जब बहन अपने भाई को राखी बांधने मायके पहुंचती है, तो यह अवसर उसके लिए बहुत ही खास होता है। सज-धज कर त्योहार मनाने के लिए मायके जाने में अलग ही मजा आता है। मगर औरत का श्रृंगार तब तक पूरा नहीं होता है, जब तक हाथों में खूबसूरत चूड़ियां न पहन ली जाएं। ऐसे में आज हम आपको लाल चूड़ियों के कुछ सेट दिखाएंगे, जिन?हें आप हैवी, लाइट या डिजाइनर किसी भी तरह के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं।

## कुंदन के कड़े और लाल चूड़ियां

कुंदन का काम आउटफिट से लेकर ज्वेलरी तक सभी में खूब पसंद किया जाता है। अगर आप लाल रंग की सिंपल कांच की चूड़ियां पहन रही हैं,तो उसके साथ आप कुंदन वाले सिंपल कड़े भी पहन लेंगी तो भी बहुत अच्छा सेट तैयार हो जाएगा। कुंदन के कड़े और लाल चूड़ियों का कॉम्बिनेशन बहुत ही सुंदर लगता है। यह आपको बहुत ही एलिगेंट अंदाज देता है। आप इसे केवल एथनिक ही नहीं बल्कि वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ भी पहन सकती हैं।

कीमत- बाजार में आपको 50 रुपये दर्जन में अच्छी कांच की चूड़ियां मिल जाएंगी, वहीं कुंदन के कड़े भी आपको 250 रुपये जोड़ा मिल जाएंगे। अगर आपको एक खूबसूरत सेट तैयार करवाना है, 4 दर्जन लाल चूड़ियों के साथ 4 कुंदन के कड़े लें।

## जड़ाऊ कड़े और लाल चूड़ियां

जड़ाऊ ज्वेलरी बहुत ज्यादा खूबसूरत लगती है, मगर इसका पूरा सेट पहनने की जगह आप केवल लाल चूड़ियों के साथ कड़े पहन लेंगी तो भी आपका लुक बहुत अच्छा आएगा। बाजार में आपको जड़ाऊ कडों में एक से बढ़कर एक वेराइटी मिल जाएगी। आप जड़ाऊ कड़ों में जरकन, मोती और प्रेशियस स?टोन की कॉपी वाले पत्थरों से सजे कड़े खरीद सकती हैं। इसमें आपको हैवी और लाइट, हर वेट के कड़े मिल जाएंगे। आप इन्हें सिंपल कांच की चूड़ियों के साथ पहन सकती हैं। आप चाहें तो कांच की जगह मेटल की लाल चूड़ियों के साथ इन्हें पहनकर एक सेट तैयार कर सकती हैं। इसमें आपको लटकन वाली चूड़ियां और कड़े दोनों ही मिल जाएंगे। इन्हें आप हैवी या लाइट किसी भी तरह के आउटफिट्स के साथ कैरी कर सकती हैं।

कीमत- बाजार में आपको 100 रुपये से लेकर 250 रुपये में दर्जन भर मेटल की चूड़ियां मिल जाएंगी। वहीं जड़ाऊ कड़े आपको 500 रुपये जोड़े से 1000-1200 रुपये जोड़े तक मिल जाएंगे।

## मल्टी कलर स्टोन वर्क वाले कड़े और लाल चूड़ियां

मल्टीकलर स्टोन वर्क वाले कड़ों के साथ भी सिंपल लाल चूड़ियां दिखने में बहुत ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। इस तरह की चूड़ियों के साथ आप मल्टी कलर स्टोन वर्क वाली चूड़ियां भी पहन सकती हैं। इससे आपका सेट बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा। आल लाल के साथ अन्य किसी रंग की चूड़ियां भी इसके साथ मिक्स कर सकती हैं। इस तरह का सेट आप साड़ी, सलवार कमीज, लहंगे किसी के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

कीमत- आपको वेलवेट वाली लाल चूड़ियां बाजार में 100 रुपये दर्जन मिल जाएंगी, वहीं आपको मल्टी कलर स्टोन वाले कड़े 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में मिल जाएंगे। आप 2 दर्जन चूड़ियों के साथ 2 जोड़ी कड़े खरीद कर यह सेट तैयार कर सकती हैं।

## रजवाड़ा स्टाइल कड़े और लाल चूड़ियां

अगर आपको हैवी और डिजाइनर चूड़ी सेट पहनने के मन है तो आप किसी भी सिंपल रेड आउटफिट के साथ रजवाड़ा स्टाइल कड़े और लाल चूड़ियों को मिक्स मैच करके पहन सकती हैं। यह दिखने में बहुत ही सुंदर लगता है। इसकी खूबसूरती दबे नहीं इसके लिए आप बहुत हैवी और डिजाइनर आउटफिट इसके साथ न पहनें। आपको इस बात का भी ध्यान रखना है कि इस तरह के कड़ों के साथ सिंपल मेटल की लाल चूड़ियों का ही चुनाव करें।

कीमत- इस तरह के सेट आपको बाजार में बने-बनाए भी मिल जाएंगे और आप चाहें तो खुद भी इन्हें कस्टमाइज करा सकती हैं। यह आपको 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये के बीच में मिलेंगे।





# रक्षाबंधन पर लगना चाहती हैं अट्रैक्टिव तो वियर करें न्यू डिजाइन वाले लहंगे

**अगर आप रक्षाबंधन के मौके पर स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप ये न्यू डिजाइन वाले लहंगे इस खास मौके पर वियर कर सकती हैं और इस तरह के लहंगे में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।**

रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहनों का खास त्यौहार होता है और इस खास मौके पर महिलाएं बेहद ही खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। वहीं अगर भी इस खास मौके पर अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो आप स्टाइल कर सकती हैं कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले लहंगे जो रक्षाबंधन के मौके पर वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

## सिल्क लहंगा

अट्रैक्टिव लुक के लिए आप इस तरह का लहंगा स्टाइल कर सकती हैं। यह लहंगा सिल्क फैब्रिक में है और इसमें एम्ब्रॉयडरी वर्क किया हुआ है। वहीं इस तरह के लहंगे को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये लहंगा 3000 तक की कीमत में मिल जाएगा। इस लहंगे के साथ आप मिरर वर्क ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं।

## जॉर्जेट लहंगा

इस तरह का जॉर्जेट लहंगा भी आप इस खास मौके पर वियर किया जा सकता हैं। यह लहंगा जॉर्जेट फैब्रिक में है और इसमें सेकुइंस और थ्रेड वर्क साथ ही इसमें एम्ब्रायडरी वर्क भी किया हुआ है। इस लहंगे को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 4000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इस लहंगे के साथ आप कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी साथ छूकर स्टाइल कर सकती हैं।

## मिरर वर्क लहंगा

मिरर वर्क लहंगा भी रक्षाबंधन के त्यौहार पर वियर किया जा सकता है। यह लहंगा सिल्क फैब्रिक में है और इस लहंगे में मिरर वर्क किया हुआ है। इस तरह के लहंगे आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन में मिल जाएंगे जिसे आप 3000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इस लहंगे के साथ आप चोकर साथ ही पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

# रक्षाबंधन के मौके पर अपने आउटफिट के साथ स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस के इयरिंग्स

ज्वेलरी आपके आउटफिट में चार चांद लगाने का काम करती है। ज्वेलरी में कई सारे चीजें है जो आपके लुक को कंप्लीट करने का काम करती हैं। इसी के साथ ज्वेलरी में झुमके भी आते हैं जो आपके आउटफिट को न्यू लुक देते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ झुमके दिखा रहे हैं जिन्हें आप रक्षाबंधन के मौके पर अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

**कुंदन वर्क इयरिंग्स** - सूट और साड़ी के साथ आप कुंदन वर्क ये इयरिंग्स पहन सकती हैं। इस इयरिंग्स में बीड्स और कुंदन वर्क किया हैं जो इन इयरिंग्स को न्यू लुक देता हैं। इस तरह के झुमके आपके आउटफिट के साथ वियर करने के लिए बेट्स ऑप्शन हो सकते हैं। यह कुंदन वर्क इयरिंग्स आपको ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये 300 रुपये में मिल जाएंगे ।

**बीड्स वर्क इयरिंग्स** - यह इयरिंग्स भी आप रक्षाबंधन के मौके पर अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इन झुमकों में बीड्स वर्क किया हुआ है साथ ही एय गोल्ड प्लेटेड में है। वहीं इस तरह के झुमके आप साड़ी या लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह बीड्स वर्क इयरिंग्स आपको ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये 400 रुपये में मिल जाएंगे।

**डोम शेप इयरिंग्स** - इन दिनों इस तरह के डोम शेप इयरिंग्स काफी ट्रेंड में है और अगर आप साड़ी सूट साथ अनारकली सूट पहन रही हैं तो आप इस तरह का इयरिंग्स अपने आउटफिट्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस डोम शेप इयरिंग्स को आप बाजार से ले सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये 500 रुपये से कम कीमत में मिल जाएंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है तिरंगा : राजेश



**वाराणसी।** सावन के चौथे सोमवार को गंगा तट पर 'हर घर तिरंगा अभियान' की गूंज रही। राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाने के लक्ष्य को साध कर नमामि गंगे ने सिंधिया घाट से महर्षि योगी विद्याश्रम के वेदपाठी बटुकों के साथ हर-घर तिरंगा फहराने की अपील की। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 78वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सदानीरा का किनारा ' भारत माता की जय-तिरंगा हमारी शान है-तिरंगा हमारी जान है-तिरंगा हमारा अभिमान है' के गगनभेदी उद्घोष से गूंजता रहा।

### निजाम हथियाते ही इस्लामी छात्र शिबिर कैडर का कुख्यात नसीरुद्दीन 26 साल बाद जेल से रिहा



**ढाका।** बांग्लादेश में रक्तरंजित अराजक माहौल में शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के बाद कुख्यात लोगों को जेल से बाहर किया जाने लगा है। ऐसा ही एक व्यक्ति इस्लामी छात्र शिबिर कैडर का नसीरुद्दीन है। वह 26 साल से सलाखों के पीछे था। 59 वर्षीय नसीरुद्दीन को कैडल के लोग शिबिर नासिर के नाम से बुलाते हैं। उसे जेल से रिहा कर दिया गया है। राजधानी से छपने वाले समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून कहा है कि चटगांव सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक मुहम्मद मंजुर हुसैन ने पुष्टि की कि उन्हें रविवार शाम सात बजे चटगांव सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। उन्होंने कहा नसीरुद्दीन पर दो मामले लंबित थे। इन मामलों के लिए जमानत दस्तावेज अदालत में जमा करने और समीक्षा करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। अखबार के अनुसार, नसीरुद्दीन के खिलाफ 36 मामले रहे हैं। इनमें बहुचर्चित प्रिंसिपल गोपाल कृष्ण मुहुरी हत्याकांड, हथजारी का तिहरा हत्याकांड और चटगांव पॉलिटेक्निक का जमीलुद्दीन हत्याकांड प्रमुख है। इनमें से 31 मामलों में वह बरी हो चुका था। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार 1990 के दशक में नसीरुद्दीन पूरे चटगांव में आतंक का पर्याय और इस्लामी छात्र शिबिर की राजनीति में प्रभावशाली चेहरा रहा है। 1997 में चटगांव के चौक बाजार इलाके में हुई मुठभेड़ में उसने पुलिस को नाको चने चबवाए थे।

### पंखे से झूलता मिला युवक का शव

**हरिद्वार।** संदिग्ध परिस्थिति में सोमवार को एक युवक का शव घर में फंदे से झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला कुआंहेड़ी गांव का है। दरअसल, सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि कुआंहेड़ी गांव में एक युवक कमरे के अंदर पंखे से लटका हुआ है। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज देवेंद्र तोमर मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक युवक कमरे के अंदर पंखे से लटका हुआ था। कमरे का दरवाजा बंद था। दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सरेआम राह चलते लोगों पर पत्थर फेंकना पड़ा भारी, युवका का चालान

**हरिद्वार।** सरेआम राह चलते लोगों पर पत्थर फेंकना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने सोमवार को युवक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में उसका चालान कर दिया। दरअसल, बुग्गावाला थाना क्षेत्रांतर्गत तेलपुरा चौक पर आमिर निवासी शेरपुर थाना बिहारीगढ़ जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश सड़क पर चलते राहगीरों पर पत्थर फेंक रहा था। युवक के कृत्य से झगड़े की आशंका के मद्देनजर स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को समझाने का प्रयास किया। किंतु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया उल्टा पुलिस से ही उलझने लगा। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

### सांप की दहशत से गर्भवती महिला की मौत

**राजगढ़।** राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बख्तारपुरा में रहने वाली 35 वर्षीय गर्भवती महिला की सोमवार अलसुबह सांप की दहशत से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम बख्तारपुरा निवासी केशरबाई (35)पत्नी जितेन्द्र तंवर की सांप की दहशत से मौत हो गई। बताया गया है कि गर्भवती महिला कमरे में सो रही थी। तभी उसके शरीर पर से सांप रेंगता हुआ निकला जिसकी दहशत से उसकी मौत हो गई, उसके शरीर पर सांप के काटने के निशान नहीं पाए गए हैं। वहीं मृतिका आठ माह की गर्भवती बताई गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम जांच शुरू की।

## मंत्री रेखा आर्या ने तिरंगा यात्रा का किया शुभारंभ

# तिरंगा यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक है : रेखा

- एक सशक्त भारत का निर्माण करने की सभी से अपील की

**देहरादून। एजेंसी**



खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। जिन बलिदानियों ने हमें आजादी दिलवाई उनको नमन करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए इस तिरंगा यात्रा की शुरूआत की गई है। आज उन्हीं की वजह से हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। मंत्री ने सभी से ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान का हिस्सा बनने और अपनी सेल्फी अपलोड करने की अपील भी की। खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को ₹हर घर तिरंगा अभियान₹ के तहत गांधी पार्क से परेड ग्राउंड तक भव्य तिंरगा यात्रा का शुभारंभ किया। मंत्री ने यात्रा के शुभारंभ से पूर्व महात्मा गांधी और शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धासुमन अर्पित किए। तिरंगा यात्रा में खेल व युवा कल्याण विभाग के अधिकारीगण, पीआरडी स्वयंसेवक और स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय के उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रध्वज हमारी आन बान शान, साहस और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने इसके मूल्यों को बनाए रखते हुए एक सशक्त भारत का निर्माण करने की सभी से अपील की। साथ ही सभी से 11-15 अगस्त अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने और ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान का हिस्सा बनने और अपनी सेल्फी हरघरतिरंगा.कॉम पर अपलोड करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर, गर्व से हमारा राष्ट्र एकता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और सभी को देशभक्ति के प्रति ओतप्रोत कर रहा है।

इस मौके पर विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, निदेशक जितेंद्र सोनकर, उपनिदेशक अजय अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारीगण, पीआरडी स्वयंसेवक और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सीमा सुरक्षा बल अलर्ट : गर्ग

**जोधपुर। एजेंसी**



सीमा सुरक्षा बल बांग्लादेश में उपजे हालात के बाद पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। वही 15 अगस्त को लेकर भी बीएसएफ ने सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। 24 घंटे हमारे जवान और अधिकारी मुस्तैद है, जिससे देश के अंदर नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। यह बात सोमवार को बीएसएफ के महानिदेशक एमएल गर्ग ने पत्रकारों से कही। महानिदेशक एमएल गर्ग ने बताया कि बीएसएफ विश्व का सबसे बड़ा और अनुभवी सीमा रक्षक दल है और 1965 से लगातार बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था को देख रहा है। राजस्थान फ्रंटियर का क्षेत्र मरुस्थलीय और अर्थ मरुस्थलीय दो भागों में बांटा हुआ है और विषम परिस्थितियों में सीमा पार होने वाली घुसपैठ और ड्रोन से तस्करी को रोकने में कारगर कदम उठा रहा है। उन्होंने बताया कि आधुनिक निगरानी उपकरणों के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल ने पाक सीमा पार से तस्करी के हो रहे प्रयास को कई बार विफल किया है। बीएसएफ ने वर्ष 2024 में 137 करोड रुपये की कुल 30 किलोग्राम हीरोइन, चार पाकिस्तान ड्रोन और हथियार की भी जब्त किए है, वही 38 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है , जिसमें से 31 भारतीय नागरिक, 6 पाक नागरिक और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल है। डीजी गर्ग ने बताया कि भारत सरकार बॉर्डर टूरिज्म को लेकर काफी कार्य कर रही है।

### इंदौर में चलती बस में लगी आग, यात्रियों में मची अफरा तफरी

**इंदौर।** इंदौर में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क पर चलती सिटी बस में अचानक आग लग गई। यह देखकर ड्राइवर ने बस को कंट्रोल किया। लेकिन कुछ ही देर में बस बंद होकर रुक गई। जिस दौरान आगजनी की घटना हुई, उस समय काफी संख्या में बस में यात्री भी मौजूद थे, जिसमें अधिकांश स्टूडेंट थे। इस दौरान बस के अंदर अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने बस से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसमें कई यात्रियों को चोट भी लगी है। जानकारी अनुसार घटना सोमवार सुबह पलासिया से गीताभवन के बीच की है। इंदौर में बीआरटीएस पर चलने वाली आईबस में अचानक धुआं निकलने लगा। अचानक धुआं निकलते देख बस में बैठे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। दहशत में यात्रियों ने चलती बस से कूदना शुरू कर दिया। बस रोककर ड्राइवर-कंडक्टर ने एआईसीटीएसएल को फोन लगाकर सूचना दी गई और बस में बैठे यात्रियों को एक-एक कर नीचे सुरक्षित उतारा गया। वहां से तत्काल मैकेनिक को रवाना किया गया। मैकेनिक ने मौके पर पहुंचकर केबल का कनेक्शन काट दिया।

## सरकारी कर्मियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लेकर 4000 पौधे लगाए

**नडियाद। एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत खेड़ा जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नडियाद तहसील के पीपलग गांव में 19,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

खेड़ा जिले के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक नई पहल के रूप में पीपलग गांव के सर्वे नंबर 386 के 1.90 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 4000 पौधे लगाकर कर्मयोगी वन तैयार किया है। इस वन को तैयार करने में सामाजिक वनीकरण विभाग और पीपलग ग्राम पंचायत का बड़ा सहयोग रहा है। 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में हिस्सा लेने के लिए नडियाद पहुंच रहे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी पीपलग के इस 'कर्मयोगी वन' में एक पौधा लगाएंगे।

एक पेड़ मां के नाम के दृष्टिकोण को सार्थक करने के लिए यहां आकार लेने वाले वन के बीचों-बीच माता-बालक की एक प्रतीकात्मक मूर्ति लगाई जाएगी, जिसका अनावरण मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल करेंगे। पीपलग गांव में इस कर्मयोगी वन को तैयार करने के लिए राजस्व विभाग, पंचायत, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 7 अगस्त से 10 अगस्त, 2024 के दौरान अपनी मां के नाम की तख्तियों के साथ श्रमदान करते हुए पौधरोपण किया। इसके अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा 7 अगस्त को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर, निवासी अपर कलेक्टर और अन्य राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों ने पौधे लगाए। पंचायत विभाग द्वारा 8 अगस्त को आयोजित किए गए कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, निदेशक, जिला ग्राम विकास एजेंसी और अन्य पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपे। वहीं, पुलिस विभाग द्वारा 9 अगस्त को आयोजित एक कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक सहित विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

## मुरादाबाद से एयर कनेक्टिविटी देने पर भी काम जारी : राजीव

**मुरादाबाद। एजेंसी**



फ्लाई बिग एयरलाइंस के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट राजीव शर्मा ने सोमवार को बताया कि आने वाले दिनों में मुरादाबाद एयरपोर्ट से सप्ताह में छह दिन लखनऊ के लिए फ्लाइट उड़ान भरेगी। दिल्ली को मुरादाबाद से एयर कनेक्टिविटी देने पर भी काम जारी है। इसके साथ ही कुछ माह में मुरादाबाद से देहरादून, हिडन और कानपुर के लिए भी फ्लाइट चलाई जाएगी। इस योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बड़े शहरों को मुरादाबाद एयरपोर्ट से जोड़ने की तैयारी हैं, इसके बाद धीरे-धीरे अन्य प्रदेशों के हवाई अड्डों पर यहां से आवागमन शुरू हो जाएगा। फ्लाई बिग एअरलाइंस फिलहाल देश में 12 हवाई अड्डों पर सेवाएं दे रही हैं। इसमें देहरादून, पिथौरागढ़, हिडन, लखनऊ, अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती आदि शामिल हैं। 10 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद 10 अगस्त से मुरादाबाद हवाई अड्डे से फ्लाइट उड़ना प्रारंभ हो गया। पहले चरण में लखनऊ के लिए एक दिन छोड़कर विमान उड़ान भर रहा हैं। इसके बाद दूसरे चरण में पहले देहरादून फिर हिडन और उसके बाद कानपुर के लिए फ्लाइट शुरू हो जाएगी। तीसरे चरण में मुरादाबाद से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की योजना हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अधिकारियों का दावा है कि इसके लिए शासन को प्रस्ताव जा चुका है जल्दी किसानों से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी और यहां नया टर्मिनल भवन बनेगा।

## राष्ट्रीय ध्वज दिवस व शान-ए-तिरंगा दिवस की घोषणा करें पीएम : शील

**गुरुग्राम। एजेंसी**



पूर्व पुलिस महानिदेशक व सादर इंडिया मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं तिरंगा मेरी शान अभियान के संयोजक शील मधुर को उम्मीद है कि इस बार 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा कर सकते हैं। पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजकर 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस तथा 30 दिसंबर को शान-ए-तिरंगा दिवस घोषित करने की मांग की है। वह पिछले 4 वर्षों से भी ज्यादा समय से राष्ट्रीय ध्वज दिवस को उसका वास्तविक हक दिलवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब तक राष्ट्रीय ध्वज दिवस को इसका पूर्ण अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता उनका यह अभियान चलता रहेगा। शील मधुर ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा करने का यह आग्रह उनकी कोई व्यक्तिगत मांग नहीं है, बल्कि यह देश के 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक मांग और उनके सम्मान से जुड़ा हुआ एक प्रमुख मुद्दा है। पूर्व पुलिस महानिदेशक ने बताया कि 22 जुलाई 1947 को तिरंगे के वर्तमान स्वरूप को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किया गया था यही कारण है कि देश के 140 करोड़ भारतीय चाहते हैं कि 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित किया जाए।

## भारतीय विदेश सचिव ने उप प्रधानमंत्रियों व विदेश और गृह मंत्री से की मुलाकात

**काठमांडू। एजेंसी**

दो दिनों के नेपाल भ्रमण पर रहे भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने काठमांडू में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा चार महत्वपूर्ण मंत्रियों से मुलाकात की है। मिस्री ने सोमवार को नेपाल के दोनों उप प्रधानमंत्री प्रकाशमान सिंह और विष्णु पौडेल से मुलाकात की है। इनमें प्रकाशमान सिंह शहरी विकास मंत्रालय में हैं जबकि पौडेल के पास वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी है।



इसके अलावा उन्होंने विदेश मंत्री डा आरजू राणा देउवा और गृहमंत्री रमेश लेखक से भी मुलाकात की है। मिस्री ने सुबह उप प्रधानमंत्री तथा शहरी विकास मंत्री प्रकाशमान सिंह से मुलाकात की। मिस्री ने उपप्रधानमंत्री को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना दी और उनके मंत्रालय के कामों में भारत सरकार की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। प्रकाशमान सिंह ने कहा कि विदेश सचिव के साथ शहरी विकास, वेस्ट मैनेजमेंट, बागमती और विष्णुमती नदी की सफाई के बारे में बातचीत हुई और इस पर नेपालझ्रभारत मिल कर आगे बढ़ेंगे। इसी तरह विदेश सचिव ने दूसरे उप प्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री विष्णु पौडेल से उनके दफ्तर में मुलाकात की। स मुलाकात के दौरान भारत की तरफ से दी जा रही आर्थिक तथा विकास सहायता, चालू आयोजना की तीव्रता, दोनों देशों के बीच के आपसी संबंध पर चर्चा हुई। पौडेल ने बताया कि भारत की तरफ से हाल ही में शुरू किए गए हाई इम्पैक्ट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत प्रति परियोजना को 20 करोड़ रुपये देने का प्रावधान जल्द से जल्द शुरू करने की बात हुई है। भारतीय विदेश सचिव ने आज ही गृहमंत्री रमेश लेखक से मुलाकात कर सीमा सुरक्षा से लेकर इंटेलिजेंस शेयरिंग पर और अधिक मिल कर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गृहमंत्री ने बताया कि नेपाल ने सुरक्षाबलों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और आने वाले दिनों में पुलिस एकेडमी, सशस्त्र प्रहरी एकेडमी के निर्माण के लिए भारत का सहयोग निरंतर जारी रहने की बात कही गई है।

### धोखाधड़ी कर खाते से उड़ाए 20 लाख

**महोबा।** जनपद के थाना श्रीनगर के डिगरिया गांव में भाई की मौत के बाद नॉमिनी के तौर पर दर्ज बड़े भाई के खाते में आई 20 लाख की धनराशि को गांव के युवक ने धोखाधड़ी कर निकाल लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिले के श्री नगर थाना क्षेत्र के डिगरिया गांव निवासी नंदी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके छोटे भाई बाबूलाल का भारतीय स्टेट बैंक से बीमा था और छोटे भाई की छह माह पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शादी न होने और माता-पिता का निधन हो जाने के कारण बीमा में वह नॉमिनी के तौर पर दर्ज है। जिसके बाद उसके खाते में बीमा की 20 लाख रुपये की धनराशि आई। जिसकी जानकारी गांव के इंद्रभान सिंह उर्फ राहुल यादव को हो गई। रुपयों की जरूरत पड़ी तो बैंक जाकर पता किया तो जानकारी हुई कि उसके खाते में रुपये नहीं है।

**जल संग्रह** › गुजरात के 49 डैम छलके, हाई अलर्ट जारी, दक्षिण गुजरात के 13 डैम में 75.37 फीसदी पानी

# जीवन रेखा सरदार सरोवर डैम में 90 फीसदी से अधिक जल संग्रह

- मानसून के कारण 49 डेम सम्पूर्ण रूप से लबालब हो चुके हैं
- वहीं 13 डेम 90 से 100 फीसदी भर गए हैं
- क्षेत्र के लोगों के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया

**अहमदाबाद। एजेंसी**




समग्र गुजरात के साथ-साथ जल संग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण गुजरात की जीवन रेखा समान सरदार सरोवर नर्मदा डेम 90 फीसदी से अधिक भर गया है। सरदार सरोवर डेम में अभी 3 लाख 4 सौ एमसीएफटी यानी कुल जल संग्रह क्षमता का 89.92 फीसदी जल संग्रह हो चुका है। इसके अलावा राज्य के अन्य 206 डेम में 3,46,857 एमसीएफटी यानी कुल 61.92 फीसदी जल संग्रह हुआ है। राज्य सरकार के जल सम्पत्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार नर्मदा डेम का जलस्तर हाल 135.61 मीटर पर पहुंच गया है। जो कि अपने उच्चतम जलस्तर से महज 3 मीटर कम है। मध्य प्रदेश के इंदिरा सागर और ओमकारेश्वर डेम के 13 दरवाजा खोलने से नर्मदा डेम में अभी 2 लाख 73 हजार 900 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। दो दिनों में नर्मदा डेम का जलस्तर 2.35 मीटर बढ़ा है।

इसके बाद नर्मदा डेम का जलस्तर बनाए रखने के लिए 9 दरवाजा करीब 1.5 फीट खोल गया है। जिससे नर्मदा नदी में 1.51 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। यानी हर मीनट 45 करोड़ लीटर पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। नर्मदा नदी में पानी छोड़े जाने से नर्मदा नदी रौद्र रूप धारण कर चुकी है। नदी में पानी बढ़ने से 3 जिलों नर्मदा, भरुच और वडोदरा के 80 गांवों को अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य सरकार के जल सम्पत्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अच्छे मानसून के कारण 49 डेम सम्पूर्ण रूप से लबालब हो चुके हैं। वहीं 13 डेम 90 से 100 फीसदी भर गए हैं। इन सभी डेम के निचले क्षेत्र के लोगों के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही इन्हें नदी के पट पर जाने को लेकर चेतावनी जारी की गई है। सरदार सरोवर समेत राज्य के 40 डेम 70 से 100 फीसदी भर गए हैं। 20 डेम में 50 से 70 फीसदी और 41 डेम में 25 से 50 फीसदी पानी संग्रह हुआ है। सोमवार सुबह की रिपोर्ट के अनुसार सरदार सरोवर डेम के जल संग्रहण क्षेत्र में बारिश के कारण डेम में 2,67,807 क्यूसेक और उकाई डेम में 60,534 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। वहीं, दक्षिण गुजरात के 13 डेम में 75.37 फीसदी, सौराष्ट्र के 141 डेम में 53.17 फीसदी, कच्छ के 20 डेम में 51.48 फीसदी, मध्य गुजरात के 17 डेम में 50.48 फीसदी और उत्तर गुजरात के 15 डेम में 29.65 फीसदी पानी संग्रहित हुआ है।

## विधवा, अविवाहित, तलाकशुदा बेटियों को पेंशन देगी धामी सरकार : डॉ. प्रेमचंद

**देहरादून। एजेंसी**



उत्तराखंड सरकार अब भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की तरह अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा पुत्रियों के पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति देने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने इस प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन दिया है। वित्त मंत्री ने सोमवार को बताया कि उत्तराखंड की धामी सरकार राज्य के राजकीय कर्मचारी अथवा पेंशनभोगियों की अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा पुत्री को पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति देने जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे राजकीय कर्मचारी अथवा पेंशन भोगी जिनकी पुत्री के तलाक की प्रक्रिया उनके जीवित रहते हुए पूर्ण हो जाती है, उन पर पूर्ण रूप से आश्रित होने की दशा में पात्रता पूर्ण करने पर पारिवारिक पेंशन स्वीकृति की जा रही है।

वित्त मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस व्यवस्था में ऐसी पुत्रियां भी शामिल होंगी, जिनका अपने माता-पिता के जीवित रहने के दौरान न्यायालय में तलाक की प्रक्रिया शुरू हुई हो और माता-पिता के मृत्यु के बाद तलाक हुआ हो।

## संक्षिप्त खबरें

### 17 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**फिरोजाबाद।** आगरा जोन में 17 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने इसका आरम्भ किया। प्रथम दिन पर जनपद अलीगढ़ एवं जनपद आगरा के मध्य फुटबॉल मैच खेला गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बताया कि 17 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता में आगरा कमिश्नरेट सहित जोन के कुल आठ जनपदों की पुलिस टीम हिस्सा ले रही है। फुटबॉल प्रतियोगिता में आठ जनपदों में से जिस भी जनपद की टीम विजयी होगी,वह यूपी स्टेट लेवल पर मैच खेलने जाएगी। फुटबॉल प्रतियोगित का 14 अगस्त को समापन होगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों एवं निर्णायकों का परिचय प्राप्त करते हुए हाथ मिलाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आठ जनपदों की पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने टीम कप्तानों सहित पुलिस बैंड के साथ भव्य फ्लैग मार्च करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सलामी दी।

### वजन कम करने की जिम्मेदारी एथलीट और उसके कोच की: आईओए

**नई दिल्ली।** रविवार देर रात भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में वजन कम करने की जिम्मेदारी एथलीटों और उनके कोचों पर डाली है। यह बयान खेल पंचाट न्यायालय में चल रहे मामले की पृष्ठभूमि में आया है, जो विनेश फोगाट की संयुक्त रजत पदक के लिए अपील पर विचार कर रहा है, क्योंकि स्वर्ण पदक मैच की सुबह वजन कम न कर पाने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। रविवार को जारी आईओए के बयान में कहा गया, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में एथलीटों के वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, न कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की।

### छात्र देवांग ने जीता अंडर 15 शतरंज चैम्पियनशिप

**महोबा।** जिला शतरंज संघ और सेंट पीटर एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित अंडर 15 शतरंज चैम्पियन में कुलपहाड़ के रामभुवनेश पब्लिक स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। जहां फाइनल मुकाबले में आरबीपीएस के दो छात्रों के बीच हुआ। जिसमें देवांग सोनी ने श्रेयस गुप्ता को पराजित कर चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। जहां विजेता को दस हजार व उप विजेता को पांच हजार की राशि देकर सम्मानित किया गया। जनपद मुख्यालय स्थित सेंट पीटर्स एकेडमी में आयोजित चैम्पियनशिप में आधा दर्जन से अधिक स्कूलों के एक सैकड़ा से अधिक छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें सेमीफाइनल मुकाबले में आरबीपीएस के तीन छात्र पहुंचे।

### मुरादाबाद जोन से 9 खिलाड़ी ट्रायल देने जाएंगी : विजय गुप्ता



**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने सोमवार को बताया कि 15 वर्ष से कम आयु की महिला खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम अंडर-15 हेतु चयन 16 व 17 अगस्त को कमला क्लब कानपुर में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किया जाएगा। इसमें मुरादाबाद जोन से 9 खिलाड़ी ट्रायल देने जाएंगी। विजय गुप्ता ने आगे बताया कि यूपीसीए द्वारा यूपी गर्ल्स क्रिकेट टीम अंडर 15 ट्रायल हेतु मुरादाबाद जोन से अल्फिशा, सलोनी रावत, लवी पाल, वैष्णवी, अंशिका राजपूत, वर्णवी, ईशिका, रश्मि चौहान और अंशिका ट्रायल देंगी।

### राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचा झारखंड

# बांग्लादेश के साथ झारखंड का खिताबी मुकाबला आज

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाए
- सीधा प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट यूट्यूब चैनल पर होगा

संवाददाता



**रांची।** झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने हरियाणा को सेमीफाइनल में 4-2 से हराकर 63वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को हुए सेमीफइनल मुकाबले में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफइनल मुकाबले में हरियाणा को 4-2 से पराजित कर दिया है। आज के सेमीफइनल मैच में क्रांति उरांव, प्रतिभा भोक्ता, ललिता बोयपाई और संजना उरांव ने एक एक गोल कर झारखंड की टीम को जीत दिलाई। सुब्रतो कप 2024 अंडर 17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता में शुरू से ही झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। टीम ने पिछले मैचों में दिल्ली को 7-0, गुजरात को 3-0, अरुणाचल प्रदेश को 13-0, त्रिपुरा को 2-0 और हरियाणा को 4-2 से हराकर अपनी मजबूत छाप छोड़ दी है। अब 13 अगस्त की शाम पांच बजे दिल्ली के डॉ. अंबेडर स्टेडियम में झारखंड और बांग्लादेश के बीच फाइनल मैच खेला जायेगा। इसका सीधा प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट यूट्यूब चैनल पर होगा।

झारखंड की बेटियों के दमदार प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर टीम को शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया, शाबाश बच्चों, फाइनल के लिए मेरी शुभकामनायें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उत्साहवर्धन से झारखंड की बेटियां और भी उत्साहित हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

#### सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी

सेमीफइनल में झारखंड की टीम के शानदार प्रदर्शन पर राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अंतराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा, एलएमसी सदस्य मुकुल टोप्पो, जेएसएसपीएस कोच सोमनाथ सिंह, टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनायें और जीत की बधाई दी है।

## न्यूजीलैंड के कप्तान टीम साउथी आगामी उपमहाद्वीपीय टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे

वेलिंगटन। एजेंसी



न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टिम साउथी को उपमहाद्वीप में टीम के कुछ आगामी मैचों से बाहर रखा जा सकता है। साउथी अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की अगुआई करेंगे, जिसमें पांच स्पिन गेंदबाजी विकल्प शामिल हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार दोनों मैच गाले में खेले जाएंगे, लेकिन उनका इन सभी मैचों या भारत के खिलाफ होने वाले तीन टेस्ट मैचों में खेलना तय नहीं है। पिछले सीजन में चार घरेलू टेस्ट मैचों में केवल छह विकेट लेने वाले साउथी अगर इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे तो उप-कप्तान टॉम लैथम टीम की कप्तानी करेंगे। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, ₹उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे पर पिचों की प्रकृति और गर्मी तथा आर्द्रता के कारण तेज गेंदबाजों से कुछ कठिन सवाल पूछे जा सकते हैं। जबकि हम खुले दिमाग से परिस्थितियों पर विचार कर रहे हैं, यह समझ है कि विभिन्न टेस्ट मैचों में हमारे सभी गेंदबाजी विकल्पों की आवश्यकता हो सकती है। टिम और मैंने इस पर चर्चा की है, और इन विदेशी दौरों के दौरान तेज गेंदबाजों के कार्यभार को संतुलित करने की आवश्यकता है, जिसमें वह स्वयं भी शामिल हैं, ताकि टीम को सर्वश्रेष्ठ सेवा मिल सके। सोमवार को घोषित टीम में अक्टूबर और नवंबर में भारत के साथ होने वाली सीरीज शामिल नहीं है, लेकिन संभावना है कि खिलाड़ियों का एक बहुत ही समान समूह इसमें शामिल होगा। इस बात पर कुछ संदेह था कि केन विलियमसन अफगानिस्तान टेस्ट खेलेंगे या नहीं, जो ग्रेटर नोडिया में आयोजित किया जाएगा, लेकिन उन्हें पहली बार शामिल किया गया है जब दोनों टीमें इस प्रारूप में एक-दूसरे के साथ खेलेंगी।

ऑफ स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल 18 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। एजाज पटेल और मिशेल सेंटनर को भी शामिल किया गया है, जबकि रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स गेंद के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## पाक सीरीज के लिए बांग्लादेश टेस्ट टीम में तस्कीन अहमद की वापसी

ढाका। एजेंसी



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में तस्कीन अहमद को शामिल किया। टेस्ट श्रृंखला 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली है। तस्कीन, जिन्होंने आखिरी बार जून 2023 में टेस्ट खेला था, कंधे की चोट के बाद अपनी रिकवरी को प्राथमिकता देने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक लिया था, और हाल ही में लाल गेंद वाले क्रिकेट में खेलना चाहते थे। बीसीबी ने जोर देकर कहा कि वह लंबे समय तक क्रिकेट खेलने में सक्षम हैं। तेज गेंदबाज के चयन पर राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, ₹हमने पांच तेज गेंदबाजों का चयन किया है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि तस्कीन अहमद केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल जून से कोई टेस्ट नहीं खेला है और हमने उन्हें पाकिस्तान ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए 'ए' टीम में शामिल करने का फैसला किया है ताकि उन्हें लंबे समय तक चलने वाले मैचों के लिए लय में लाया जा सके। उन्होंने कहा इसके अलावा, कुछ तेज गेंदबाज एक दिवसीय मैचों के लिए ए टीम में शामिल हो सकते हैं।

इसलिए हमें बैकअप की आवश्यकता थी। हमारे आक्रमण में विविधता है, जिसमें ऐसे गेंदबाज हैं जो तेज गेंदबाजी कर सकते हैं और गेंद को स्विंग भी करा सकते हैं और मैं वास्तव में उन्हें विश्व स्तरीय बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं।

## बुमराह, पांड्या को छोड़कर अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने की उम्मीद

नई दिल्ली। एजेंसी




कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र के उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगा, जिसमें दलीप ट्रॉफी खेल शामिल है। केएससीए ने पुष्टि की है कि बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम 5 सितंबर से शुरू होने वाले छह चार दिवसीय रेड-बॉल मैचों में से पहले मैच का स्थल होगा। हालांकि आंध्र प्रदेश का अनंतपुर बहु-दिवसीय टूर्नामेंट के लिए निर्धारित स्थल है, लेकिन इस विशेष खेल को बेंगलुरु में स्थानांतरित कर दिया गया है। केएससीए के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया, ₹यह निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुरोध पर लिया गया है। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच की मेजबानी करने के लिए सहमत हो गए हैं।

स्थल परिवर्तन बीसीसीआई के उस निर्णय को दर्शाता है जिसमें 18 सितंबर से शुरू होने वाली बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले चार टीमों की दलीप ट्रॉफी में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छोड़कर शीर्ष खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। केएल राहुल, शुभमन गिल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल सहित अधिकांश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के आंशिक या पूर्ण रूप से भाग लेने की उम्मीद है। रोहित शर्मा और विराट कोहली को भाग लेने या न लेने का विकल्प दिया गया है।

## वाणिज्य



# हिंडनबर्ग के झटके से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट



### बाजार पर बिकवाली का दबाव बन गया

**सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 47.45 अंक लुढ़क कर 24,320.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में मामूली खरीदारी होने के बाद बाजार पर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक 155.40 अंक टूट कर 24,212.10 अंक तक गिर गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद बाजार में खरीदारी का जोर बनता नजर आया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 101.20 अंक की कमजोरी के साथ 24,266.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।**

नई दिल्ली। एजेंसी

अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग की रिसर्च रिपोर्ट के झटके की वजह से घरेलू शेयर बाजार में दबाव बना हुआ है। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर सेंसेक्स और निफ्टी को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से दोनों सूचकांक नीचे लुढ़कते चले गए। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद एक बार फिर खरीदारी का जोर बनता नजर आया, जिससे शेयर बाजार की स्थिति में मामूली सुधार की गुंजाइश बनती दिख रही है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 375.79 अंक की गिरावट के साथ 79,330.12 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक में मामूली तेजी आई, लेकिन थोड़ी देर में ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक 479.78 अंक लुढ़क कर 79,226.13 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद एक बार फिर खरीदारों ने दम दिखाया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में सुधार की स्थिति बनती नजर आई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 326.79 अंक की गिरावट के साथ 79,379.12 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 819.69 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 79,705.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,367.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट का उद्देश्य सिर्फ पैनिक का माहौल बनाना है : एएमएफआई

नई दिल्ली। एजेंसी



अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप और सेबी के चेयरपर्सन पर गंभीर आरोप जरूर लगाए गए हैं लेकिन मार्केट एक्सपर्ट्स ने इस रिसर्च रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि हिंडनबर्ग की रिसर्च रिपोर्ट ने आज कारोबार की शुरूआत में शेयर बाजार पर मामूली असर जरूर डाला था लेकिन शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में ही बाजार ने रिकवरी शुरू कर दी थी।

बाजार की रिकवरी का सबसे अहम कारण हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में विश्वसनीयता की कमी होना बताया जा रहा है। एडलवाइज फाइनेंशियल एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के चीफ एनालिस्ट मोहन सुतार का मानना है कि हिंडनबर्ग के किसी भी आरोप में कोई दम नहीं है। इसके पहले भी इस अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म की कथित रिसर्च रिपोर्ट की वजह से घरेलू शेयर बाजार को काफी झटका लग चुका है। पहले भी हिंडनबर्ग ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट के बाद बाजार में बने पैनिक का फायदा उठाते हुए जमकर शॉर्ट सेलिंग की थी। इसके पहले भी यह कंपनी 18 बार अपने अलग-अलग रिसर्च रिपोर्ट के जरिए दुनिया की अलग-अलग कंपनियों को निशाना बनाती रही है और शॉर्ट सेलिंग करके बड़ा मुनाफा कमाती रही है।

मोहन सुतार का कहना है कि हिंडनबर्ग की पिछली रिपोर्ट की वजह से भी भारतीय निवेशकों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा था। इसलिए अब भारतीय निवेशक इस शॉर्ट सेलर फर्म की नीतियों के प्रति सतर्क हो चुके हैं।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड 0.16 डॉलर यानी 0.20 फीसदी की उछाल के साथ 79.82 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में आज गिरावट नजर आ रही है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ कारोबार करने के बाद हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार को फिलहाल महंगाई के आंकड़ों का इंतजार है, जिसकी वजह से निवेशक सतर्क होकर कारोबार कर रहे हैं। अमेरिका में महंगाई के आंकड़े 14 अगस्त को आने वाले हैं। इस बार महंगाई दर में मामूली गिरावट आ सकती है। इसीलिए वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 51 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,344.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.51 प्रतिशत उछल कर 16,745.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 39,444.22 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारों का जोर बना रहा। खरीदारी के सपोर्ट से एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,168.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.31 प्रतिशत उछल कर 7,269.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अजमेर में तिरंगा यात्रा में लिया भाग

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री व अजमेर प्रभारी दिया कुमारी ने अजमेर प्रवास के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत महापुरुषों के स्मारकों की स्वच्छता व पुष्पांजलि के कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक पर दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया,

इस अवसर पर दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार दीनदयाल उपाध्याय जी के मूल मंत्र अंत्योदय के भाव के साथ कार्य कर रही है हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे हैं देश व्यापी ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया,दिया कुमारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रतीक है,मां के प्रेम का आदर का सम्मान का कर्तव्य का निष्ठा का एक पौधा जरूर लगाएं,पर्यावरण को नष्ट होने से बचाएं।

दिया कुमारी ने तिरंगा अभियान को लेकर कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। इसे हमें सदैव बर-करार रखना है,कांग्रेस ने हजारों-लाखों ऐसे मनीषियों-महापुरुषों के योगदान को भुला दिया जिन्होंने भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए अपना जीवन खपा दिया।



केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि रक्षाबंधन के साथ-साथ हमें इन वृक्षों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी होगी ,वृक्षारोपण से ही प्रकृति में संतुलन बनाए रखा जा सकता है अतः हमें अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ लगाने को अपना अनिवार्य दायित्व समझना होगा,चौधरी ने कहा कि ये आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली। इस आजादी को पाने के लिए देश के हजारों नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और लाखों परिवारों ने अपना सुख-चैन त्याग कर योगदान दिया है। देशभक्ति से ओतप्रोत होकर देश की जनता ने दिन-रात एक करके अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए और अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया था।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने कहा कि ₹हर घर तिरंगा अभियान₹ के तहत तिरंगे वितरित किए और सभी को 15 अगस्त तक प्रत्येक घर तक तिरंगा लगाने का आव्हान किया गया,हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर सभी मंडलों के माध्यम से शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक तिरंगा का वितरण करेगी,तिरंगा यात्रा का लक्ष्य और उत्सव तभी ही पूर्ण होगा जब देश का प्रत्येक नागरिक देश को आगे बढ़ाते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेगा

भाजपा शहर जिला अजमेर द्वारा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री बनने के बाद प्रथम बार अजमेर आगमन पर प्रभारी मंत्री दिया कुमारी का सर्किट हाउस पर भव्य स्वागत बैंड बाजा वाधन के मध्यम से किया

नगर निगम अजमेर द्वारा आयोजित तिरंगा स्वाभिमान महारैली में भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता निभाई ।

### महापौर ब्रजलाता हाड़ा ने कहा सफल रैली के आयोजन के लिए सभी का अभिनंदन किया

इस अवसर पर विधायक इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र सिंह कनावत,उप महापौर नीरज जैन, जिला महामंत्री वेद प्रकाश दाधीच, वनिता जैमन, जयकिशन परवानी किशन बांग,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव,राहुल जैसवाल,राजेश घाटे,किशन बांग, महेन्द्र पाटनी, हेमंत सांखला,धर्मेश जैन,संतोष पारीक, प्रकाश बंसल, सतीश बंसल विक्रम सिंह , सत्येंद्र शर्मा,विकास लालवानी, जातवेद सोनी,दयाल सेवासिया,रूबी जैन,रचित कच्छावा ,हितेश वर्मा, अमन जावर रवि गुर्जर अक्षय गोरा ,पंकज सिंह,मोहन लालवानी,नितेश कनौजिया अजय नरूका तुषार कनौजिया विकास माथुर आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जेडीए में सावन माह में फल फूलों व बर्फानी की 15वीं झांकी का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 12 अगस्त।** जयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में स्थित महाकाल मंदिर में सोमवार, 12 अगस्त को सावन के पावन माह में फल फूलों व बर्फानी बाबा की 15वीं झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्तों एवं आमजन ने प्रसादी गृहण की। इस अवसर पर जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र शर्मा, ओलंपियन एथलेटिक्स खिलाड़ी सपना पूनिया, जेडीए अधिकारी एवं कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बाबू लाल मीणा, राधेश्याम तंवर अध्यक्ष सुप्यार देवी फाउंडेशन, अजय सिंह तंवर, मेघना तंवर सहित गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में भगवान के भजन शांत वातावरण में गुंजायमान हो उठे, जो उपस्थित लोगों के दिलों और आत्मा को छू गए। कार्यक्रम में आए सभी लोगो ने कार्यक्रम के आयोजन को अति सुंदर बताया।

### शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

- एसएफआई ने अपनी मांगों को लेकर आजाद रैली का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी। ( सुमेर सिंह राव )।** कस्बे में सोमवार को छात्र संगठन एसएफआई ने तहसील कमिटी के नेतृत्व में आजादी रैली का आयोजन किया गया । तहसील अध्यक्ष कैलाश सुईवाल ने बताया की रैली महाविद्यालय भवन से शुरू होकर उदयपुरवाटी बाजार के मुख्य मार्ग से होती हुई उपखंड कार्यालय तक गई ' वहा पर छात्र नेताओं ने नारेबाजी के साथ संबोधित किया '

गुढा तहसील अध्यक्ष विकास जेदिया ने भी संबोधित किया ' और तहसील अध्यक्ष जड़िया ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं शैक्षणिक पद रिक्त पड़े हैं ' महाविद्यालय को खुले हुए 4 साल हो गए और अभी तक केवल चार टीचर हैं जो भी संविदा पर है ऐसे में विद्यार्थी शिक्षा के लिए क्या उम्मीद कर सकता है।

इस दौरान मौजूद रहे प्रदेश छात्रसंयोजक बब्लेश वर्मा ,नीमकाथाना जिला अध्यक्ष विष्णु नायक ,जिला सचिव विक्रम यादव ,उदयपुरवाटी तहसील अध्यक्ष कैलाश सुईवाल,जितेंद्र यादव ,किरण सैनी ,साधना सिंगल ,सपना कल्याण ,मीनासैनी ,शिव वर्मा ,मीनू सैनी ,समीर अली ,शाहरुख ,अर्चना जांगिड़ ,चिंटू जांगिड़ ,मिंटू जांगिड़ ,रवीना ,सुनील गुर्जर, नीतू सैनी ,वंदना ,राकेश यादव ,भरत कुमावत ,अंकित कुमार ,रचना सैनी, पुजा सैनी, मोनू ,कोमल सैनी, अनामिका, अनु सैनी, उजाला स्वामी, छात्र नेत्री पिंकी सैनी, अनीता राठी, अनीशा असवाल , सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद रहे।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बाडी ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क एवम संवाद



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा बाड़ी ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क एवं संवाद अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत उपशाखा बाडी के प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी बाडी राधेश्याम मीना से संपर्क किया गया। इस अवसर पर रघुवीर प्रसाद शर्मा जिला उपसभाध्यक्ष, जिला महासमिति सदस्य अतर सिंह, उपशाखा अध्यक्ष जीतेंद्र कंसाना, मंत्री मनीष पचौरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम मीना ने संघटन की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि संघटन शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी हितों के साथ राष्ट्रहित व समाज हित में कार्य करता है !जीतेंद्र कंसाना अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बाडी आदि!

# भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिये पहुँची चीन

## भारतीय टीम की कोच होंगी प्रदेश की मनीषा राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर, 12 अगस्त। चुझोउ (चीन) में 14 से 25 अगस्त तक होनी वाली यूथ महिला हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिये भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम ने क्वालीफाई किया है। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में राजस्थान की टीना, मुस्कान व मनीषा जाट चयन हुआ है। टीम की कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की हैंडबॉल कोच मनीषा राठौड़ को बनाया गया है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय टीम सोमवार को चीन पहुँच गयी।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में राजस्थान से शामिल टीना, मुस्कान तथा मनीषा जाट राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा जयपुर में संचालित महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी हैं। इनमें टीना पीवट की पोजीशन पर, मुस्कान लेफ्ट बैक और मनीषा जाट राइट बैक की पोजीशन पर खेलती है।

रवानगी से पूर्व भारतीय टीम को इस चैंपियनशिप के लिए रवानगी से पूर्व भारतीय टीम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सुपुत्र हरीश नड्डा, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व महासचिव डा. तेजराज सिंह ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।



हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया कि भारतीय टीम की कप्तान हिमाचल प्रदेश की खुशी व उपकप्तान भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की सुजाता को बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर गत 31 जुलाई से 10 अगस्त, 2024 तक भारतीय खेल प्राधिकरण एनसीओई- गांधीनगर (गुजरात) में लगाया गया था। इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के कोच एम.कार्तिकेयन (साई, एनसीओई गांधीनगर), सचिन चौधरी (रेलवे) व मनीषा राठौड़ (राजस्थान) बनाए गए हैं।

भारतीय टीमः- गोलकीपर : आरुषी, कनिका (हिमाचल प्रदेश), लवीषा (चंडीगढ़),
राइट बैक :- रेणुका (हरियाणा), मुस्कान देवी (हिमाचल प्रदेश), मनीषा जाट (राजस्थान)
सेंटर बैक :-सुजाता - उपकप्तान (साई), खुशी - कप्तान (हिमाचल प्रदेश)।
लेफ्ट बैक :- काजल (हिमाचल प्रदेश), मुस्कान (राजस्थान), अनिका (हरियाणा)।
राइट विंग :-काफी (हरियाणा), ईशू (साई)।
पिवोट :-वैष्णवी (गोल्डन ईगल अकादमी, उत्तर प्रदेश), टीना (राजस्थान), तन्नु (साई)।
लेफ्ट विंग :- तमन्ना (साई), पूजा (गोल्डन ईगल अकादमी, उत्तर प्रदेश)।

### आंगई बांध का भराव पहुंचा 220.8 मीटर गेज, वहीं पानी की अधिक आवक होने के कारण चार गेट खोले



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )।** धौलपुर, 12 अगस्त 24 को जिले में पिछले दिनों से जारी बारिश के बाद पार्वती बांध में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। पार्वती बांध का जल स्तर बढ़ जाने के बाद सोमवार शाम 4 बजे पार्वती बांध के 4 गेट दो-दो फीट तक खोले गये हैं। अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन सुरेश मीना ने बताया कि पार्वती बांध का जल स्तर 220.8 मीटर पहुंच जाने के बाद बांध के 4 गेट खोले गये हैं। उन्होंने बताया कि बांध से 4400 मीटर क्यूसेक पानी छोडा जा रहा है। उन्हांने बताया कि बांध से पानी छोडे जाने के बाद पार्वती नदी की डाउनस्ट्रीम में पानी की आवक बढ़ जायेगी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी उपखंड अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां करने एवं एहतियात बरतने के निर्देश दिये हैं। प्रभावित 36 गांवों में प्रशासन ने आमजन से नदी के पास न जाने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरडा के द्वारा आम जनता से अपील की गई! कि नदी, नाले, तालाब, बांध, के पानी में घुसकर सेल्फी नहीं ले, नहीं तो घटना- दुर्घटना होने में देर नहीं लगेगी! और कूद कर नहीं नहाए, ना हीं उस पानी तेरकर नहाये, यह सीरी आग है! अपनी सुरक्षा अपने हाथ है! कृपया ध्यान दें!

### कांग्रेस ने उप चुनाव के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 12 अगस्त।** राजस्थान में सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव की तैयारी हेतु कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया है।

मिली जानकारी के अनुसार समिति द्वारा ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ कांग्रेस कमेटियों की बैठक कर क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करेगी। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन कार्यकर्ताओ एवम मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव हेतु कार्य योजना बनाकर विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु रूपरेखा तैयार करेगी।बताया जाता हैं कि कि सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव में पार्टी संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र में जमीनी स्तर तक सक्रियता बढ़ाने हेतु कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों की चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में अर्जुनसिंह बामनिया, उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष कचरूलाल चौधरी, उदयपुर से रहे लोकसभा प्रत्याशी ताराचंद मीणा एवं पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा को शामिल किया गया है।


## कार्यालय, विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति अरांई

क्रमांक – पंसअ/महानरेगा/2024–25/634 दिनांक – 07/08/2024

पंचायत समिति अरांई में वर्ष 2024–25 में कार्यालय में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। निविदा फार्म निर्धारित दिनांक तक कार्यालय समय से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर भी देखी जा सकती है।

NIB Code :- ZAJ2425A0354
UBN : ZAJ2425SSRC00410
UBN : ZAJ2425SSRC00411
UBN : ZAJ2425SSRC00412
UBN : ZAJ2425SSRC00413

विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी,
पंचायत समिति अरांई


# हर वर्ष मिले भरतपुर को पाँचना का पानी : इन्दल सिंह

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने कहा कि पाँचना के पानी पर भरतपुर का कानूनन अधिकार है और ये पानी प्रतिवर्ष मिलना चाहिये ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पाँचना का बाँध केवल बाढ़ नियंत्रण के लिये ही बनाया गया था गम्भीर नदी का पानी रोकने के लिये नहीं बनाया था लेकिन मनमाने तरिके से भरतपुर का पानी रोक दिया गया । पाँचना की ऊँचाई भी भरतपुर जिले की जनभावनाओं को नजर अंदाज करते हुऐ बढ़ा दी गई।

उन्होंने कहा कि जब बाढ़ और बर्बादी का खतरा होता हैं जब पाँचना से पानी छोड़ दिया जाता है वैसे जरूरत पर माँगने पर एक बूंद पानी नदी में नहीं छोड़ा जाता । अचानक पानी छोड़ने से इस पानी का सदउपयोग भी नहीं हो पाता



और पानी बेकार बहकर निकल जाता है और नुकसान उठाना पड़ता हैं । पानी के उपयोग हेतु सिंचाई विभाग को पर्यात बजट भी नहीं दिया जाता । उन्होंने अफसोस प्रकट करते हुऐ कहा कि पाँचना के पानी का उपयोग करौली जिले की जनता भी नहीं कर पाती । कुछ लोगो की ह टधर्मिता के कारण बाँध में हर वर्ष बेकार ही पानी भरा रहता हैं । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भरतपुर जिले के लिये प्रतिवर्ष पानी छोड़ने की प्रक्रिया तय करदेनी चाहिये ताकी लोगों को इस पानी का लाभ मिल सके तथा हर प्रकार के नुकसान और बर्बादी से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते हमारे जिले के राजनेता भी ध्यान देते तो आज पानी के लिये ये दिन नहीं देखने पड़ते । उन्होंने कहा कि भरतपुर डीग जिलों के राजनेताओं को भी पानी के मुद्दों को सुलझा कर सूखी पड़ी नदियों में पानी लाने का प्रयास करने चाहिये ताकी खेती को बचाया जा सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929